दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। मंगलवार 25 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 256 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

लोकसभा सत्र : पहले दिन पीएम मोदी सहित 266 नए सांसदों ने ली शपथ

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत हो चुकी है। तीन जुलाई तक चलने वाले सत्र के शुरूआती दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के आसार हैं।

भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने कहा, मैं देश के लिए दोबारा काम करने के इस अवसर के लिए ईश्वर का आभारी हूं। मैं लोगों के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे दोबारा देश की सेवा करने का यह अवसर मिला है। मैं कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाने में अपना योगदान दूंगा।

निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, ये 10 साल सत्ता में रह चुके हैं, इन्होंने हर तरह के लोकतंत्र को प्रभावित किया।

आपातकाल को किसी ने सही नहीं ठहराया है। राहुल गांधी ने भी आपातकाल को सही नहीं ठहराया है। वे (पीएम मोदी) कितने दिन तक नेहरू, राहुल, कांग्रेस चालीसा पढ़ेंगे, उन्हें अपनी बात करनी चाहिए कि कितने किसान मरे, ईडी, सीबीआई का दुरूपयोग कितना किया। उन्होंने अघोषित आपातकाल लगाया है, उन्हें उस पर बात करनी चाहिए।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, आज संख्या बल भले ही सत्ता पक्ष के पास हो सकता है। लेकिन नैतिक बल जनता ने हमें दिया है। हम उस नैतिक बल का इस्तेमाल करते हुए हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा, हरियाणा में प्रचंड बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनने जा रही है।

क्या जलभराव की समस्या पर निगम दिखाएगा कमाल
गौशाला अंडरपास पर डाला जाल

कई प्रमुख स्थानों पर लगाए गए पंप सेट

जलभराव के हॉटस्पॉट को लेकर नगर निगम ने किए पुख्ता इंतजाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : मानसून के दिन नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में नगर निगम की ओर से जलभराव के हॉटस्पॉट को लेकर पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए गए हैं। वहीं चिन्हित स्थानों पर स्थाई पंप सेट लगा दिए गए हैं। जिसमें गौशाला अंडरपास को लेकर इस बार नगर आयुक्त के निर्देश पर पंप सेट लगाने के साथ ही यहां सुरक्षा के लिए जाल लगाया गया है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न होने पाए। इसके साथ ही हिंडन अंडरपास और एलिवेटेड रोड अंडरपास पर भी स्थाई रूप से पंपसेट लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों पर आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करने की भी अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

बरसात के दौरान ना हों लोग परेशान, विभाग रखें ध्यान : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश दिया है कि गाजियाबाद नगर निगम मानसून से पहले जलभराव के हॉटस्पॉट चिन्हित कर वहां साफ-सफाई और सुरक्षा प्रबंध कर ले। इसी क्रम में कई स्थानों पर पंप सेट लगवाने का निर्देश दिया गया है ताकि जलभराव ना हो। इसी कड़ी में गौशाला अंडरपास, हिंडन अंडरपास और एलिवेटेड रोड अंडरपास पर पंपसेट लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करें ताकि बरसात के समय लोगों को परेशान ना होना पड़े।

नाले और नालियों की सफाई पर भी करें फोकस

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को कहा गया है कि मानसून से पूर्व वह सभी स्थान चिन्हित कर लिए जाएं और वार्डों का निरीक्षण हो जाए जहां पर जलभराव की अधिक समस्या रहती है। इसके साथ ही सभी प्रमुख नालों और नालियों की भी सफाई कर ली जाए ताकि बारिश का पानी सड़क पर ना भरे। वहीं नाले ओवरफ्लो ना होने पाए। नगर निगम ने इस बार बारिश के मौसम में जलभराव की व्यवस्था को लेकर प्लानिंग की है। तो वहीं निर्माण, स्वस्थ और जलकल विभाग के कर्मचारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया है।

बता रही है अतुल गर्ग की रफ्तार खत्म करेंगे सांसद वाला भौकाल

ना लेना है कोई अपाइंटमेंट, ना करना है किसी को फॉलो कोई प्रोटोकॉल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और संसद के सदन में जाने के लिए वो विधानसभा के रास्ते से आये हैं। अतुल गर्ग ने सांसद बनने से पहले ही प्रोटोकॉल कल्चर खत्म करने की बात कही थी। जब साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री बने तो अतुल गर्ग ने कहा था कि अब आपके बीच ऐसे मंत्री हैं जिनका हाथ पकड़ कर काम करा सकते हैं। किसी प्रोटोकॉल की जरूरत नहीं है और यहां संदेश था कि कार्यकर्ता अब सामान्य रूप से अपनी बात रख सकते हैं। अतुल गर्ग ने जब ये बात कही थी तो उन्हें भी नहीं पता था कि वो सांसद बनने जा रहे हैं और ये परम्परा अब उन्हीं के यहां से समाप्त होगी। अतुल गर्ग अब लोकसभा

सांसद हैं और जो रफ्तार उन्होंने पकड़ रखी है उससे लग रहा है कि 6 महीने के भीतर ही वो सांसद वाला भौकाल खत्म कर देंगे। वो चीजों को सामान्य रूप से ले रहे हैं और ये संदेश दे रहे हैं कि आपका सांसद आपके बीच है। अब से पहले एक माहौल ये था कि कार्यकर्ता अगर सांसद से मिल लिये तो यही एक उपलब्धि उनके लिए हो जाती थी। मिलने से पहले एक अपाइंटमेंट था और मिलने का समय भी निर्धारित था। कई बार लंबा इंतजार रहा है और अब ये कल्चर समाप्त हो रहा है। अतुल गर्ग सांसद बने हैं और रोजाना सुबह लोग उनके घर पर आ रहे हैं। लोगों का ये अच्छा लग रहा है कि अगर उन्होंने कॉल की है और कॉल रिसीव नहीं हुई है तो थोड़ी देर बाद उनके सांसद की कॉलबैक आती है। नमस्कार अतुल बोल रहा हूं, के संबोधन के साथ एक एहसास होता है कि लोकसभा सांसद सही में जनता के बीच से हैं। चर्चा अब ये आम हो रही है कि सांसद और आम आदमी के बीच की दूरी खत्म हो रही है।

सियासत की पाठशाला से राजनीति के कॉलेज का सफर

करंट क्राइम। अतुल गर्ग को सियासत विरासत में मिली है। उनके पिता स्वर्गीय डीसी गर्ग गाजियाबाद के पहले मेयर रहे हैं। एक दौर था जब डीसी गर्ग मेयर थे और उनके यहां सुबह से ही मेला लगता था। एक टाइपिस्ट उस जमाने में सुबह 8 बजे डीसी गर्ग के निवास पर आ जाता था। प्रयोजन यही था कि कोई भी जनता का व्यक्ति अगर आया है तो उसके लिए पत्र लिखा जाये। वो खाली वापस ना जाये। अतुल गर्ग खुद दो बार विधायक रहे हैं और अब वो लोकसभा सांसद हैं। सियासत की पाठशाला से राजनीति के कॉलेज यानी देश की सबसे बड़ी पंचायत यानी लोकसभा में अब वो गाजियाबाद की बात रखेंगे। वो गाजियाबाद के सांसद हैं। सियासत की तहजीब और सियासत में लोगों को अपनेपन का एहसास कराने में वो कामयाब होंगे। ऐसा उनकी शुरूआती पारी की तैयारी देखकर लग रहा है।

आज लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लेंगे शपथ
3 बजे संसद में होगा शपथ ग्रहण समारोह

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अतुल गर्ग विधानसभा से इस्तीफा दे चुके और वैसे तो 4 जून को ही उन्होंने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी से अपना निर्वाचित प्रमाण पत्र ले लिया था और ये घोषित हो गया था कि अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं। लोकसभा की शपथ अभी बाकी है और आज ये भी काम पूरा होगा। अतुल गर्ग आज दिल्ली में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा सांसद वाली शपथ लेंगे। यह कार्यक्रम आज दोपहर 3 से 4 बजे आयोजित होगा।

26 को साहिबाबाद आएंगे उपराष्ट्रपति, सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट

गाजियाबाद करंट क्राइम : 26 जून को उपराष्ट्रपति गाजियाबाद आएंगे, राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर यातायात पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं। औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस पर 26 जून को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस बीच व्यवस्था सुरक्षा कड़ी रहेगी। जगह-जगह पुलिसकर्मी और एलआईयू व सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी तैनात रहेंगे। सीईएल के जनरल मैनेजर रजत गर्ग ने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ शाम पांच बजे आएंगे। कार्यक्रम में वह कंपनी के लोगो का अनावरण करेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा भी होंगे। यातायात पुलिस ने बताया कि लिंकरोड थाना क्षेत्र के सौर ऊर्जा मार्ग पर कार्यक्रम के दौरान शाम पांच बजे से साढ़े छह बजे तक यूपी गेट से डाबर तिराहा, साहिबाबाद आरआरटीएस की तरफ यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेगी। सभी प्रकार के वाहनों को दोपहर दो बजे से कार्यक्रम समप्ति तक रोक दिया जाएगा।

सनसनीखेज हत्याओं, साइबर ठगी और अग्नि हादसों के नाम रहा सप्ताह
निवाड़ी में पानी को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, तो टीलामोड़ में सर कटी लाश ने बढ़ाई पुलिस की टेंशन

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बिता सप्ताह पुलिस के लिए जहां सनसनीखेज हत्याओं और खुलासे के चैलेंज लेकर आया। तो वहीं साइबर ठगों ने भी जमकर लोगों को चूना लगाने का काम किया। वहीं ट्रांस हिंडन जोन के टीलामोड़ इलाके में गैस सिलेंडर से रिसाव होने के बाद भीषण आग लगी।

करंट क्राइम साप्ताहिक रिपोर्ट

इस हादसे में दो लोगों की मौत और कई लोग गंभीर रूप से झुलग गए। तो वहीं इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के प्रहलादगढ़ी में भीषण गर्मी से बचने के लिए कार के भीतर सो रहे एक व्यक्ति की मौत का मामला भी कम हैरान करने वाला नहीं रहा। इसके साथ ही नगर निगम के दस्ते और व्यापारियों के बीच हुए हंगामा, नोंकझोंक और पथराव की खबर में जमकर हल्ला मचाया।

निवाड़ी और टीलामोड की हत्याओं ने लॉ एंड ऑर्डर पर उठाया सवाल

करंट क्राइम : शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन में जहां पानी के विवाद को लेकर दो लोगों की हत्या, एक लोग गंभीर रूप से घायल और फायरिंग के बाद हंगामा बरपा यह खबर पुलिस के अधिकारियों के लिए परेशान करने वाली रही। खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल को निवाड़ी के गांव पहुंचना पड़ा। यहां की स्थिति कंट्रोल की गई, वही उसी दिन सुबह-सुबह टीलामोड़ थानाक्षेत्र में सड़क किनारे सर कटी लाश मिलने के मामले ने भी कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि निवाड़ी मामले में पुलिस ने आरोपियों को पहले ही दिन गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। साथ ही लगातार पुलिस की टीम इसमें काम कर रही है। इसमें आरोपियों की पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर ली है, लेकिन माहौल अभी भी तनावपूर्ण बताया जा रहा है। उधर तीन दिन बीत जाने के बाद भी टीलामोड़ में सर कटी लाश के मामले में अभी तक पुलिस खाली हाथ है।

साइबर ठगों ने लगाया जमकर चूना

करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव होने के बाद क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। तो साइबर ठगों ने भी वारदात लगातार कर रहे हैं। साइबर ठगों ने जहां इंदिरापुरम में डिजिटल अरेस्ट करते हुए 47 लाख की ब्लैकमेलिंग की। तो वहीं अगले दिन चार अलग-अलग लोगों से लगभग 32 लाख रुपए की रकम का चूना लगाकर उनका नुकसान पहुंचाने का काम किया। साइबर थाना बनने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सबसे ज्यादा मुकदमे प्रदेशभर में लिखे गए हैं। इसके बावजूद साइबर क्राइम कंट्रोल नहीं हो पा रहा है।

निगम की टीम और व्यापारियों में हुआ टकराव

करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की टीम पुराने बस अड्डे की सब्जी मंडी पहुंची थी। जहां पॉलीथिन जब्तीकरण का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम के सुरक्षाकर्मियों और व्यापारियों की नोकझोंक और हाथापाई की स्थिति आ गई थी। आरोप है कि इसी दौरान व्यापारियों पर सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। तो भीड़ में किसी ने पत्थर उठाकर सुरक्षा कर्मी के मारा, जिससे उसके गंभीर चोट आई। वहीं पार्षद प्रवीण उर्फ मुलायम को पुलिस हिरासत में लेकर सिहानी गेट थाना पहुंची, तो बड़ी संख्या में व्यापारी नेता और पार्षद ने पार्षद की रिहाई को लेकर प्रदर्शन और हंगामा किया। घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। कई थानों की पुलिस फोर्स सिहानी गेट थाने में मौजूद रही। बाद में इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों पर धारा-151 की कार्रवाई करते हुए मामले को शांत कराया।

अग्नि हादसे ने फिर मचाया कहर

करंट क्राइम : भीषण गर्मी के इस मौसम में अग्नि हादसों में जबरदस्त इजाफा हुआ है। बीते कुछ दिनों में ही आग लगने के बाद कई लोगों की मौत हुई। तो रविवार को टीलामोड़ थानाक्षेत्र में न्यू डिफेंस कॉलोनी में आग लगने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा है कि आग लगने का शुरूआती कारण गैस सिलेंडर की गैस में रिसाव होना था। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची थी और राहत बचाव कार्य किया था।

प्रमुख घटनाएं

18 जून इंदिरापुरम के प्रहलादगढ़ी में कार चालक की कार के भीतर मौत, शव मिला।
19 जून साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 47 लाख रुपए ठगे।
20 जून साइबर ठगों ने चार लोगों से 32 लाख की ठगी की।
21 जून पॉलिथीन के अभियान को लेकर निगम दस्ते पर पथराव ,हंगामा और मारपीट।
22 जून को निवाड़ी में पानी के विवाद में दो की हत्या, हंगामा और फायरिंग।
22 जून टीलामोड़ थानाक्षेत्र में युवक की सर कटी लाश मिली।
23 जून टीलामोड़ थानाक्षेत्र में आग लगने से दो लोगों की मौत कई झुलसे।

पीएम जन विकास कार्यक्रम के तहत

प्रदेश के शाहजहांपुर में किया जाएगा विकास प्राधिकरण का गठन : सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं हैं अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा कराएं और सदुपयोग किया जाए, साथ ही कहा कि पीएम जन विकास कार्यक्रम के कार्यों के तेजी लाई जाए। योगी ने कहा कि होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए हमें अपनी बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा आवासीय क्षेत्र में 6 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। साथ ही, पार्किंग, सिक्योरिटी और फायर सेफ्टी जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों में मानक का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

नीट विवाद को लेकर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के छात्र

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतरझमंतर पर छात्र संगठन एनएसयूआई ने नीट परीक्षा में धांधली को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के प्रेसिडेंट वरुण चौधरी के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्र जंतर-मंतर पर तख्तियां लेकर पहुंचे और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। छात्रों ने अपना रोष प्रकट करने के लिए धर्मेंद्र प्रधान से जुड़े कई पोस्टर भी लगाए। प्रदर्शनकारी छात्रों से आईएएनएस ने बातचीत की। एक प्रदर्शनकारी छात्र मान्य शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, हम एजुकेशन लोन लेकर दिन रात पढ़ाई करते हैं और सरकार आसानी से कह देती है कि पेपर लीक हो गया। इस मामले में संलिप्त किसी पर भी कोई कार्रवाई नहीं करती है। नीट का पेपर लीक होने से 24 लाख छात्रों पर असर पड़ा है। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यूजीसी नेट का पेपर हुए 24 घंटे भी नहीं हुए और उसे रद्द कर दिया गया।

नाम छिपा शादी का झांसा दे महिला से किया दुष्कर्म

आरोपी बोला-पहले कलमा पढ़ो फिर करेंगे निकाह

मोदीनगर, करंट क्राइम। शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने महिला से धर्म छिपाकर मित्रता की, अब युवक महिला पर धर्मान्तरण का दबाब बना रहा है। विरोध करने पर महिला को बुरी तरह पीटा और हत्या की धमकी दी है। सोमवार को पीड़िता हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के साथ डीसीपी ग्रामीण कार्यालय पहुंची और अपनी शिकायत दी। मामले में डीसीपी ग्रामीण के आदेश पर मोदीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानान्तर्गत एक कॉलोनी निवासी महिला के कुछ वर्ष पूर्व अपने पति से संबन्ध विच्छेद हो गये थे। इस बीच उसकी मित्रता एक युवक से हो गई। युवक ने उस समय खुद को हिंदू बताया और असली नाम छिपाया था। युवक महिला को कुछ माह पूर्व एक होटल में लेकर गया और महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, जब महिला ने इसका विरोध

किया तो युवक ने शादी का भरोसा दिया। कहा उसने अपने घर बात कर ली है, इसके बाद युवक ने कई बार महिला से शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन पहले महिला को पता चला कि युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया। इसका महिला ने विरोध किया तो युवक ने शादी से मना कर दिया। कहा वह मुस्लिम धर्म से है। इसलिए पहले मस्जिद में कलमा पढ़ना होगा। इसके बाद ही शादी करेगा। आरोप है कि महिला ने मना किया तो आरोपी ने गाली, गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। अब महिला को पता चला कि आरोपी का नाम शाह आलम है। महिला ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार को पीड़िता महिला हिंदू जागरण मंच के जिला युवा प्रमुख नीरज शर्मा से मिली और आप बीती बताई। वह उनके साथ डीसीपी ग्रामीण से मिली। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

न्यूज डायरी

जनसमस्याओं को लेकर धरने पर बैठेंगे वार्ड 41 के सभासद

लोनी, करंट क्राइम। सड़क, बिजली, पानी, बेहटा नहर, साफ सफाई और बंद फाटक की समस्या को लेकर नगर पालिका वार्ड 41 के भाजपा सभासद अंकुश जैन एक जुलाई से लोनी बॉर्डर थाने के सामने संबधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। सभासद अंकुश जैन ने बताया कि कुछ अधिकारी प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करना चाहते है जिसके चलते वह उन इलाकों में विकास कार्य नही करा रहे, जिन इलाकों को भाजपा का गढ़ कहा जाता है। सभासद का कहना है कि पुस्ता पाभी से लोनी बार्डर तक दिल्ली सहारनपुर रोड पर गहरे गडढे बने हुए हं। लोकसभा चुनाव से पूर्व रोड के पुनर्निर्माण हेतु करीब पांच करोड़ रुपए पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए गए थे, लेकिन बारिश का मौसम नजदीक आने पर रोड की लीपापोती कर पैसे की बंदरबाट की जा रही है। नगर की साफ सफाई पर प्रतिमाह 4.76 करोड़ रुपए का बिल बनाया जाता है, लेकिन नगर की साफ सफाई व्यवस्था दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। बेहटा नहर गंदे नाले में तब्दील हो गई और विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश के दिनों में नहर में आने वाला पानी नहर टूटने के कारण आसपास की कॉलोनियों में भर जाता है। भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले परशुराम मंडल में बिजली की स्थिति दयनीय है। करीब चार दशक पूर्व बसी गुलाब वाटिका कॉलोनी में भी बल्लियों पर तार खिंचे हैं तथा जर्जर विद्युत लाइन आए दिन टूटकर गिर जाती है। जिससे हादसे तो होते ही है। विद्युत आपूर्ति भी घंटो ठप्प रहती है। नगर पालिका के विभिन्न वाडों में पानी की टंकिया तो बनी है, लेकिन उनसे जलापूर्ति नही की जा रही है। जबकि नगरवासियों से मनमाना हाऊस और वॉटर टैक्स वसूला जा रहा है। बेहटा बंद फाटक की समस्या बार्डर क्षेत्र की सबसे बडी समस्या है। फाटक मार्ग ही मुख्य कावड मार्ग है और इसके दोनों ओर दर्जनों कॉलोनियां बसी हुई है जिनमें लाखों लोग निवास करते हैं तथा उन्हें दूसरी ओर आवागमन के लिए कई किमी का चक्कर काटना पडता है। सभासद उक्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक जुलाई से लोनी बॉर्डर थाने के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

लोनीवासियों द्वारा कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा

लोनी, करंट क्राइम। शिव कांवड़ सेवा संस्था गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ शिविर का आयोजन करेगी। पाइप लाइन रोड पर मथुरापुर गांव के पास लगने वाले शिविर में कांवड़ियों के ठहरने और खाने पीने की उत्तम व्यवस्था की जाती है। संस्था के अध्यक्ष विनोद गुप्ता और पदाधिकारी केके गर्ग ने बताया कि भगवान भोले नाथ और मां दुर्गा लोनी वाली के आशीर्वाद से शिविर में कांवड़ियों के लिए नहाने धोने, खाने पीने तथा ठहरने की उचित व्यवस्था की जाती है। कांवड़ियों के पैरों में पड़ने वाले छाले आदि के प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सक और दवाइयां उपलब्ध रहती हं। खड़ी कांवड़ के लिए सेवादार रहते हैं। शिविर में सामर्थ्यानुसार लोनीवासियों द्वारा कांवड़ियों की सेवा करने का प्रयास किया जाता है।

आपस में झगड़ रहे लोगों ने युवक को पीटा

लोनी, करंट क्राइम। आपस में झगड़ रहे लोगों ने युवक के साथ मारपीट की तथा धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार थाने की बलरामनगर विस्तार कॉलोनी में रहने वाले जोनी ने बताया कि शनिवार को करीब 10.30 बजे वह पास की डाबर तालाब कॉलोनी निवासी हाजी से पैसे लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान शमशान घाट के पास कुछ लोग झगड़ रहे थे। आरोप है कि उन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की तथा धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मोनू तथा उसके चार पांच साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

दुष्कर्म के बाद होटल बंद कराने की मांग

मोदीनगर, करंट क्राइम। दुष्कर्म से आहत होकर आत्महत्या करने वाली कक्षा आठ की छात्रा के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग व ओयो होटल को बंद कराये जाने की मांग को लेकर अनेक सामाजिक

संस्थाओं से जुड़े लोगों ने तहसील पंहुचकर प्रदर्शन कर एसीपी को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने जांच कराकर सख्त कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। बताते चलें कि नगर की एक कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा को होटल में ले जाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म से आहत होकर छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म करने वाले आरोपी हिमांशु सोनी निवासी कृष्णानगर कॉलोनी व होटल संचालक आशीष, अंकित निवासी सुदामापुरी कॉलोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद से ही होटल को सील करने की मांग व बच्ची को जल्द से जल्द इंसाफ दिलाने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। कॉलोनी के लोगों ने जिस होटल में दुष्कर्म किया गया उसे सील किये जाने की मांग प्रमुखता से रखी। प्रकरण में जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

हिमाचल पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम, वित्तीय संकट से जूझ रही सुक्खू सरकार को आस

शिमला। लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक और केंद्र में नई सरकार बनने के बाद 16वें वित्त आयोग की टीम हिमाचल प्रदेश के शिमला पहुंची। वित्त आयोग की टीम के शिमला पहुंचने के बाद वित्तीय संकट से जूझ रही सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को एक आस बंधी है। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में 16वें वित्त आयोग की बैठक हुई। हिमाचल के लगातार बढ़ रहे राजस्व घाटे को देखते हुए सरकार ने वित्त आयोग के समक्ष राज्य के हितों की पैरवी की ताकि नया वित्त आयोग केंद्र के समक्ष ग्रांट को बढ़ाने की सिफारिश कर सके। बैठक के बाद वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग है। प्रदेश में आने वाली आपदाएं, यहां

समस्याएं को और अधिक बढ़ा देती हैं। ऐसे राज्यों में धन की अधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने अपनी बात रख दी है, सभी प्रदेश से राय लेकर आयोग निर्णय करता है। मुफ्त रेवड़ियां बांटने को लेकर भी आयोग चिंतन करेगा, इसके बाद एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राज्यों की हिस्सेदारी तय की जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति का व्याख्यान किया गया। कर्ज चुकाने के लिए भी हिमाचल को कर्ज लेना पड़ रहा है। हिमाचल अगर अपनी आय बढ़ाने के लिए पानी पर सेस लगाता है तो न्यायालय उस पर रोक लगा देती है। हिमाचल ने अपनी 68 फीसदी वन भूमि पर कटान की भी रोक लगा रखी है, वित्त आयोग उसे भी ध्यान में रखे।

नीट मामले के तार महाराष्ट्र से भी जुड़े, दो शिक्षक गिरफ्तार

मुंबई। नीट पेपर लीक मामले में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के बाद अब महाराष्ट्र का कनेक्शन भी सामने आया है। नांदेड़ की एटीएस टीम ने संदेह के आधार पर लातूर से दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों शिक्षक संजय तुकाराम जाधव और जलील उमर खां पठान जिला स्कूल परिषद के शिक्षक हैं, जिन्हें पूछताछ के बाद रविवार को नोटिस देकर छोड़ दिया गया। इनको शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूछताछ के लिए उन्हें दोबारा अरेस्ट कर लिया गया है। दरअसल एटीएस की टीम को इन दोनों शिक्षकों के मोबाइल फोन में नीट से जुड़े कई छात्रों के हाल टिकट मिले हैं। साथ ही कुछ ऐसे सबूत भी हाथ लगे हैं जिनसे पैसों का लेनदेन हुआ है। इन तथ्यों के चलते एटीएस की टीम ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दोनों संदिग्ध शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पूछताछ के बाद दोनों शिक्षकों को छोड़ दिया गया था, लेकिन सबूत मिलने के बाद इन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि 5 मई को हुई नीट की परीक्षा में धांधली की बात सामने आई थी। 4 जून

को आए इसके नतीजे के बीच पेपर लीक की खबरों ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई और बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों से इसके तार जुड़े होने की बात सामने आई है। इसे मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई ने अपनी जांच में साफ किया कि पेपर लीक हुआ है। ईओयू ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है, जिसके बाद इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया।

झारखंड हाई कोर्ट में सरकार ने कहा, एक दर्जन संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति जल्द

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सूचना आयोग में अध्यक्ष और सदस्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति न किए जाने से संबंधित अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त आदि की नियुक्ति का प्रस्ताव कैबिनेट के पास है। नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के दौरान इस संबंध में अद्यतन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। यह अवमानना याचिका एडवोकेट राजकुमार की ओर से दायर की गई है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। इसके बाद भी इस दिशा में कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने राज्य में एक दर्जन संवैधानिक संस्थाओं में लंबे समय से अध्यक्ष एवं सदस्य के पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर भी सुनवाई की।

निगम की टीम रात्रि में भी कर रही है शास्त्री नगर व गोविन्दपुरम क्षेत्र के नालों की सफाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नालों की सफाई का कार्य निरंतर चल रहा है जिसमें कविनगर जोन के अंतर्गत शास्त्री नगर तथा गोविंदपुरम क्षेत्र में रात्रि में भी नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि नगर आयुक्त द्वारा दिए गए टारगेट के क्रम में मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई कराई जा रही है जिसके लिए रात्रि में भी गाजियाबाद

नगर निगम टीम निरंतर नालों की सफाई कार्य में जुटी हुई है।



आईएमएस रोड पर कूड़े के ढ़ेर को लेकर हैल्प एशियन फाउंडेशन ने दिया ज्ञापन

गाजियाबाद,करंट क्राइम। क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण के विरुद्ध हैल्प एशियन फाउंडेशन संस्था लगातार

आवाज उठाती आ रही है तो वहीं नगर पंचायत डासना के कब्रिस्तान वाले आईएमएस रोड पर कूड़े का ढ़ेर लगा हुआ है। डासना क्षेत्र का सभी कूड़ा वहां इकट्ठा किया जा रहा है और उसमें आए दिन आग लगाई जा रही है जिस कारण क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। धुंआ होने की वजह से कई अन्य बीमारी पनप सकती हैं जिसको लेकर के हैल्प एशियन फाउंडेशन ने नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस कूड़े को जल्द से जल्द हटाया जाए। अन्यथा संस्था उच्च स्तर पर शिकायत करेगी। नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कूड़े के लिए हमें जमीन मिल गई है हम जल्द वहां एक प्लांट लगाने वाले हैं और जल्द ही इस कूड़े का निस्तारण कर दिया जाएगा।

धार और अलीराजपुर में महिलाओं की पिटाई पर कांग्रेस हमलावर

भोपाल। मध्य प्रदेश के धार और अलीराजपुर जिले में सरेआम महिलाओं को पीटने के मामले पर कांग्रेस ने सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। बीते दिनों धार और अलीराजपुर जिलों में सरेआम महिलाओं को पीटने के मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं को लेकर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है, मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है और तालिबानी हरकतों से देश के दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। धार-अलीराजपुर के वीडियो सबूत हैं कि मनमर्जी के माहौल ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी है। बेबस व बातूनी गृहमंत्री की पकड़ नहीं है, इसलिए इस जंगलराज में लोग अपना कानून बना रहे हैं और पूरी दादागिरी से चला भी रहे हैं। ज्ञात हो कि धार जिले में एक महिला को सरेआम कुछ लोगों ने डंडों से पीटा था। इस घटनाक्रम का शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में दो लोग महिला के हाथ पकड़े हुए हैं और उस पर डंडों से प्रहार किया जा रहा है। महिला के साथ यह बर्बर कार्रवाई चरित्र संदेह के आधार पर की गई। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की।

बृजविहार पुलिया पर टूटा बिजली का खंभा, लटके तार

साहिबाबाद, करंट क्राइम। बृज विहार की पुलिया के पास बिजली का टूटा खंभा दुकानदारों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। खंभे के टूट जाने से तार काफी नीचे लटक रहे हैं जिससे वहां दुर्घटना का डर बना रहता है। लोगों ने इसकी शिकायत बिजली निगम के अधिकारियों से की है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि सोमवार की दोपहर को यह खंभा गिरा था जो कि नीचे से गल गया था इस तरह के और भी खंभे क्षेत्र में देखने को मिल सकते हैं बिजली

निगम की अनदेखी का खामियाजा आमजन का भुगतना पड़ रहा है। कई बार निगम की लापरवाही की वजह से कई बड़े हादसे हो चुके हैं।

सीबीआई टीम पर हमला मतलब प्रदेश में अपराधियों का राज : राजद

पटना। नीट पेपर लीक मामले में बिहार के नवादा में सीबीआई टीम पर हुए हमले को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेता प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस मामले में जमकर घेर रहे हैं। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि केंद्र और बिहार में उनकी सरकार है, ऐसे में सीबीआई टीम पर हमला हो रहा है। इसका मतलब साफ है कि प्रदेश में अपराधियों का राज चल रहा है। लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से फेल है। हमारे नेता तेजस्वी यादव रोज इन मुद्दों पर सवाल खड़ा करते हैं। आंकड़ा देते हैं, कहां भ्रष्टाचार हुआ, कहां पुल गिरा, कहां अपहरण हुआ। यह सब गंभीर सवाल है, जिसका जवाब एनडीए की डबल इंजन सरकार को देना होगा। अगर राज्य में हमारी सरकार होती तो वो लोग हाय-तौबा मचा देते। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं। बड़ी मछली को बचाने के लिए छोटी मछली को फंसाया जा रहा है। कांग्रेस नेता अजय शर्मा ने भी भाजपा की एनडीए और नीतीश की राज्य सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई टीम पर हमले का जवाब नीतीश कुमार को देना चाहिए। यह बेहद दुखद घटना है, ऐसा नहीं होना चाहिए। यह पहला ऐसा मामला नहीं है जब पेपर में गड़बड़ी की बात सामने आई है। पिछले 10 सालों से लगातार ऐसा हो रहा है। पेपर लीक मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

मंत्री और विधायक पानी की कालाबाजारी में व्यस्त, आतिशी का धरना ड्रामा : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आज चौथा दिन है। सोमवार को कैबिनेट मंत्रियों की धरना स्थल पर ही बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी गई और जल संकट को दूर करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की गई। अब भारतीय जनता पार्टी ने इस पर हमला बोला है। आतिशी के अनशन और पीएम मोदी को लिखे गए पत्र को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हर बार की तरह आम आदमी पार्टी एक ही ड्रामा करती है, सिर्फ धरने पर बैठना। इनकी नौटंकी शुरू हो चुकी है। पानी की समस्या का उन्होंने कोई समाधान नहीं किया है, सिर्फ पत्र लिखते रहते हैं। पत्र के अलावा इन्होंने कुछ काम नहीं किया है। एसी टेंट में धरना चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री और उनके विधायक पानी चोरी, पानी की कालाबाजारी में व्यस्त हैं। सिर्फ दूसरों पर आरोप लगाते रहते हैं।

कई बार बैठक भी हो चुकी है लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। सिर्फ पत्र लिखते रहते हैं, कभी प्रधानमंत्री मोदी को तो कभी एलजी को, लेकिन समस्या का समाधान नहीं करते। सीएम अरविंद केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई को लेकर उन्होंने कहा है कि अदालत का जो भी फैसला होगा, उसे सबको मानना चाहिए। अदालत ने साफ कर दिया है कि मामला हाई कोर्ट में चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह 26 जून को केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति मामले में दी गई जमानत पर रोक लगाने के हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को सीएम केजरीवाल को जमानत दी थी। ईडी अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गया। हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर फैसला सुरक्षित रख लिया, लेकिन अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर अंतरिम रोक लगा दी।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली।। मंगलवार 25 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सुनार को लूटने वाले बदमाशों से पुलिस की हुई मुठभेड़

आरोपियों पर दर्ज हैं गंभीर अपराध के 18 मुकदमे

दो को लगी गोली तीन गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, स्वाट टीम सिटी जोन और नंदग्राम थाना पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम : 11 जून को नंदग्राम थानाक्षेत्र में ज्वैलर्स दीपक से हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो बदमाश मुठभेड़ के बाद दबोचे गए हैं। क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, स्वाट टीम सिटी जोन और नंदग्राम थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल तीन बदमाशों को दबोचा है। जिनके नाम पवन भाटी, प्रशांत भढ़ाना और लखन है।

पुलिस ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों पर कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें दिल्ली, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर और गाजियाबाद शामिल हैं। पुलिस की माने तो यह लूट, हत्या, अपहरण और रंगदारी जैसे अपराध के मामले में जेल भी जा चुके हैं। कुछ समय पहले बिसरख और दिल्ली पुलिस ने भी पवन भाटी के भाई टीटू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं पुलिस इस मामले में फरार नीशु की तलाश कर रही है। पुलिस ने इनसे लूटी हुई चांदी, नगदी, तमंचे, मोटरसाइकिल व कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार ने बताया है कि पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद दबोचा जबकि इनका एक और साथी भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की गिरफ्त में लखन

प्रशांत भढ़ाना

पवन भाटी

वेस्टर्न यूपी में करते थे बड़ी वारदातें

करंट करंट : क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि लूट करने वाले बदमाश चांदनी चौक के बाद ही उनके पीछे लग गए थे। जैसे ही मौका देखा उन्होंने वारदात की। बताया जा रहा है कि पवन भाटी पर कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। तो प्रशांत भढ़ाना पर तीन और लखन पर भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। यह दिल्ली, गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर और बुलंदशहर में अधिकांश वारदातें अंजाम देते थे। पुलिस ने पवन भाटी और प्रशांत भड़ाना को घायल अवस्था में जबकि लखन को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी नीशु अभी फरार बताया जा रहा है।

खेती और जॉब से नहीं मिल रहा था पैसा

करंट क्राइम : पुलिस ने जानकारी दी है कि प्रशांत भाटी दसवीं फेल है और खेती का काम करता है। बीते काफी समय से उसपर पैसों की तंगी चल रही थी। वह लूट, चोरी, रंगदारी, हत्या के प्रयास और हत्या के अपराध में जेल जा चुका है। बिसरख पुलिस भी उसको पूर्व में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जेल से आने के बाद फिर उनके खर्चे बढ़ गए और नौकरी और खेती से पैसा नहीं मिला था, तो उन्होंने लूट का प्लान बनाया था। इसके साथ ही पुलिस ने जानकारी दी है कि प्रशांत भढ़ाना दसवीं पास है और दनकौर में गार्ड की नौकरी करता था। इनके महंगे शौक थे, जिसे पूरा करने के लिए यह लूटपाट की वारदात भी किया करते हैं।

एसीपी-एसएचओ और स्वाट टीम की प्लानिंग आई काम

करंट क्राइम : घटना के बाद से ही एसीपी नंदग्राम रवि कुमार डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान और बदमाशों की पड़ताल में जुटे हुए थे। साथ ही थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल और स्वाट टीम सिटी जोन लगातार बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी हुई थी। रविवार की देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी, उसी वक्त यह सफलता हासिल हुई। जिसमें पुलिस ने लूट का माल व आरोपियों को दबोचा है।

अगली गर्मी में विजय नगर वासियों को मिलेगा शुद्ध गंगाजल जलापूर्ति के लिए 10 एमएलडी पानी की होगी व्यवस्था: महापौर

लाखों लोगों को नहीं होना पड़ेगा अब परेशान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विजय नगर वासियों के लिए राहत वाली खबर है। अगले साल से यहां की लाखों की आबादी को पीने योग्य साफ गंगाजल प्लांट से सप्लाई होगा। यह कार्य शुरु होने से लाखों लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

वहीं जलकल की भी बड़ी जिम्मेदारी पूरी होगी। वहीं गर्मी के मौसम में विजय नगर में जलापूर्ति के लिए महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ समन्वय कर एक ठोस योजना बनाई है। जिससे कि भविष्य में विजय नगर में जलापूर्ति की समस्या न हो पाए।

अगले वर्ष तक होगा कार्य पूरा गंगाजल प्लांट से होगी सप्लाई

अभी शुरू की जाएगी 10 एमएलडी की जलापूर्ति

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त के साथ मिलकर एवं जलकल अधिकारियों से विजय नगर जलापूर्ति के लिए प्रताप विहार गंगाजल प्लांट से विजयनगर में बने 6 यूजीआर तक 10 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी और यूजीआर से पानी की टंकी में पानी जाएगा तब पानी की टंकियों से विजय नगर में जलापूर्ति की जाएगी, जिसके लिए गंगाजल प्लांट से समस्त यूजीआर तक बड़ी पानी की लाइन बिछाने का कार्य भी किया जाएगा। यह कार्य 15 वें वित्त निधि से कराया जाएगा जिससे विजयनगर के समस्त वार्डो में जल संकट खत्म हो जाएगा। यह कार्य का जल्द ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा उसके उपरांत अगले वर्ष तक यह कार्य पूर्ण किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि विजयनगर में जल संकट से छुटकारे के लिए एक बड़ी सौगात दी जाएगी जिससे भविष्य में जल संकट नही हो पायेगा, उपरोक्त योजना पर नगर निगम गहनता से योजना बनाकर कार्य करेगा और इस कार्य में नगर आयुक्त सहित जलकल विभाग के अधिकारी भी लगातार कार्य कर रहे हैं।

बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव हो सकता है लेट क्या कांवड़ यात्रा के बाद आएगी फिर नई डेट

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी को लेकर होने वाले प्रस्तावित चुनाव लेट हो सकते हैं। अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार वैसे तो बार का कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन चुनाव में देरी की वजह से नई डेट कांवड़ यात्रा के बाद जारी की जाने की संभावना जताई जा रही है। उधर बता दें की जून में ही जुलाई में होने वाले बार चुनाव का कार्यक्रम जारी हुआ था लेकिन उसको लेकर अभी किसी तरीके की सरगर्मी देखने को नहीं मिल रही है। हालांकि गाजियाबाद बार एसोसिएशन के कार्यालय और अधिवक्ताओं के चेंबर के आसपास चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों ने अपने होल्डिंग, बैनर और पर्चे लगाने शुरू कर दिए हैं, पर अभी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव को लेकर स्थिति साफ नहीं है।

बड़ी संख्या में अधिवक्ता करते हैं मतदान, कई दिन चलता है पूरा घमासान

करंट क्राइम : गाजियाबाद की बार एसोसिएशन में अध्यक्ष से लेकर सचिव और अन्य पदों के लिए प्रत्येक वर्ष चुनाव होता है। इस चुनाव को लेकर गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के बीच में करीबी मुकाबले और घमासान वाली स्थिति भी देखने को मिलती है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। कई दिनों तक चुनावी कैंपेन चलने के बाद मतदान होता है। उधर अधिवक्ता बता रहे हैं कि कांवड़ यात्रा के बाद ही चुनाव की अंतिम तिथि तय हो पाएगी। वैसे जुलाई में मतदान को लेकर पूर्व में तिथि घोषित की गई थी लेकिन उसको लेकर अभी कुछ तेजी नहीं दिखाई दे रही है।

बड़ी संख्या में तैनात किया जाता है पुलिस बल

करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पुख्ता इंतजाम करता है। बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सादे वस्त्रों में भी पुलिस की टीमें लगाई जाती हैं। मतदान को लेकर कमिश्नरेट पुलिस सुरक्षा के सभी मानक भी पूरे करती है। पुलिस बल से लेकर, सीसीटीवी, डोरमैटल डिटेक्टर से लेकर महिला पुलिस बल भी लगाया जाता है।

जारी है जनरल की गाजियाबाद में अपनों से मोहब्बत वाली पारी जब गुरु जी ने किया भंडारा तो जनरल वीके सिंह पहुंचे विद फैमिली

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह जब सांसद रहे तो उन्होंने लोकसभा को पूरा समय दिया। उनके पास दो दो मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी और इस जिम्मेदारी के बाद भी उन्होंने पूरी पारी खेली। ये बात कोई और नहीं बल्कि वो लैटर बताते हैं जो दिल्ली से रवाना होने से पहले गाजियाबाद में आते थे। जिसमें यूपी गेट से एस्कार्ट और उसमें पूरा जिक्र होता था कि जनरल वीके सिंह कितने बजे आयेंगे और कहां कहां जायेंगे। हर लैटर में पूरा मैटर होता था और ये लैटर ऑन रिकार्ड हैं इसलिए ये भी रिकार्ड है कि जनरल कब कब आये हैं और उन्होंने क्या क्या कार्य कराये हैं।

इस बार होली मिलन समारोह में ही जनरल का ट्विट आया और उन्होंने खुद ही लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। इसके बाद जब ये चर्चा चली कि अब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से कोई नाता नहीं रखेंगे तो सबसे पहले जनरल वीके सिंह ने ही ये कहा कि वो यहां से दस साल सांसद रहे हैं और गाजियाबाद से हमेशा उनका नाता रहेगा।

इसके बाद जनरल वीके सिंह ने अपने शब्दों को कर्म में भी परिवर्तित किया और लगातार वो गाजियाबाद आ रहे हैं। वो रविवार को भी गाजियाबाद आये और उनकी ये पारी जारी रही और सोमवार को भी जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में आये खास बात ये थी कि इस बार वो अकेले नहीं आये बल्कि विद फैमिली आये। उनकी पत्नी भारती सिंह और बेटी मृणालिनी सिंह भी उनके साथ आईं। ये मौका भी ऐसा था कि इसे राजनीतिक नहीं कहा जा सकता और इसमें संदेश भी ये था कि परिवार के रिश्ते हैं इसलिए परिवार के साथ आया हूं। जनरल वीके सिंह सोमवार को पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर द्वारा दिये गये भंडारे में पहुंचे। ये संदेश था कि जनरल की गाजियाबाद में अपनों से मोहब्बत जारी है। वो परिवार वाला संदेश परिवार के साथ पहुंचकर दे रहे हैं। रमेश चंद तोमर उनके करीबी सहयोगी हैं और उन्होंने ऐसे समय में साथ दिया था और सोमवार को जनरल वीके सिंह ने अपनी ये मुहिम जारी रखी और वो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर द्वारा दिये गये भंडारे में पहुंचे।

कुछ तो है असर जनरल रहे विद फैमिली पूरा वन ऑवर

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह सोमवार को गाजियाबाद लोकसभा में थे। वो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के कविनगर वाले पुराने आवास पर आयोजित भंडारे में पहुंचे थे। यहां जनरल वीके सिंह अपनी पत्नी भारती सिंह और पुत्री मृणालिनी सिंह के साथ पहुंचे थे। यहां परिवार से परिवार के रिश्ते का संदेश देना था। देखने वालो ने भी यही कहा कि कुछ तो असर है क्योंकि जनरल वीके सिंह ने पूरे परिवार के साथ एक घंटा यानी वन ऑवर का समय दिया। पूरे परिवार से मिले और यहां चेहरों की मुस्कुराहट और आत्मीयता बता रही थी कि संबंधों का पूरा सुरूर है।

नहीं खोला गुरु जी ने भंडारे के आयोजन का सस्पेंस

करंट क्राइम। गुरू जी सियासत के खिलाड़ी हैं और तब पारी खेल चुके हैं जब कई नेताओं ने तो अपनी राजनीति शुरू भी नहीं की थी। वो ये जानते हैं कि कब खामोश रहना है और कब ऐलान करना है। सोमवार को जब भंडारा हुआ तो इस भंडारे में राजनीति की सभी हस्तियां मौजूद थी। गुरू जी का न्यौता सभी ने सहर्ष स्वीकार किया था। अब कोई आयोजन हो रहा है तो इसके पीछे का प्रयोजन भी पूछा ही जाता है। गुरू जी ने भंडारे पर सबको बुलाया लेकिन उन्होंने भंडारा आयोजित करने का कोई कारण नहीं बताया। सबने पूछा भी लेकिन गुरू जी ने मामले का सस्पेंस बरकरार रहने दिया। उन्होंने आयोजन के सस्पेंस को लेकर बिल्कुल भी पर्दा नहीं उठाया।

नगर निगम के पॉलिथीन अभियान पर बोले पार्षद पॉलिथीन निर्माताओं पर हो कठोर कार्रवाई

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इन दोनों गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा पॉलिथीन जब्त करो अभियान चला रखा है। इस अभियान के दौरान नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम और व्यापारियों में झड़प हो रही है। इस दौरान किसी ने पत्थर मार दिया, इस हमले में प्रवर्तन दल में शामिल सुरक्षाकर्मी का सिर फूट गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने व्यापारियों पर लाठियां फटकार दी। इससे अक्रोशित सैकड़ों अपनी अपनी दुकानें बंद करके थाने पर पहुंच गए हैं। इस अभियान को लेकर दैनिक करंट क्राइम की टीम ने जब पार्षदों से बात की तो किसी ने कहा पॉलिथीन निमार्ताओं पर हो कठोर कार्यवाही छोटे व्यापारी को दिए हिदायत ओर लोगों को किया जाए जागरूक।

अभियान से पूरी तरह हूं संतुष्ट पॉलिथीन पर्यावरण के लिए घातक: हिमांशु चौधरी

करंट क्राइम। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि नगर निगम का पॉलिथीन जप्त करो अभियान पूरी तरह ठीक है। लेकिन उन्होंने कहा पॉलिथीन निमार्ताओं पर हो कठोर कार्यवाही क्योंकि छोटे व्यापारियों को किया जाए जागरूक। अभियान के दौरान कपड़े के थैली लेकर चले नगर निगम की टीम इससे बढ़ेगी लोगों में जागरूकता। उन्होंने कहा पॉलिथीन आने वाली नल के लिए घातक है, इसको सरकार पूरी तरह से बन कर देना चाहिए नहीं तो इसके परिणाम होंगे घातक।

अमीर हो या गरीब सब पर हो कार्रवाई: शिल्पा चौधरी

करंट क्राइम। पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा नगर निगम का जो अभियान चल रहा है, वह ठीक दिशा में चल रहा है। यह अभियान निरंतरण चलना चाहिए क्योंकि साल में एक दो बार ही यह अभियान चलता है। पूर्ण रूप से निरन्तर अभियान चल तो लोगों में जागरूकता भी आएगी। अभियान के दौरान गरीब या अमीर नहीं देखना चाहिए कानून सबके लिए बराबर है। यदि कार्यवाही करनी है तो फैक्ट्री पर करनी चाहिए जो पॉलिथीन बना रहे हैं।

पॉलिथीन पर पूरी तरह हो प्रतिबंध: राजकुमार भाटी

करंट क्राइम। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा नगर निगम का जो पॉलिथीन मुक्त अभियान चल रहा है, वह छोटे व्यापारियों पर ज्यादा है लेकिन बड़े व्यापारी पर क्यों करवाई नहीं हो रही है। फैक्ट्री निमार्ताओं पर अधिक कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि जब मार्केट में पॉलिथीन नहीं होगी तो बाजार में नही दिखाई देगी। छोटे व्यापारी रेडी पटरी वालों पर नगर निगम ज्यादा जोर देता है, निगम को यह अभियान पॉलिथीन निर्मितओं पर होना चाहिए।

प्रतिबंध वस्तुओ को व्यापारियों को छोड़ देनी चाहिए: प्रतिमा शर्मा

करंट क्राइम। पार्षद प्रतिमा शर्मा ने कहा नगर निगम के अभियान पॉलिथीन मुक्त अभियान चल रहा है, वह समय-समय पर चलता रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को प्रतिबंध वस्तुओं का उपयोग नहीं करना चाहिए। ओर सरकार व्यापारियों के हित में काम करती है, वही नगर निगम को भी चाहिए कि वह उत्पादन करने वाली फैक्ट्री पर ही कार्यवाही करें। तो मार्केट में पॉलिथीन नहीं आएगी पॉलिथीन का पूर्ण तरह प्रतिबंध हो तो मार्केट से पर पॉलिथीन गायब हो जाएगी।

संपादकीय

सूखते जलाशय और बढ़ती मुश्किलें

शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पड़ना शुरू हो चुका है। केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाईस फीसद जल रह गया है।

यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है।

प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है।

गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बढ़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी। बरसात का पानी उन तक पहुंचता रहे और उनमें गाद वगैरह की सफाई होती रहे, तभी उनके पुनर्भरण की संभावना बनेगी।

घट जाएंगी तेल की कीमतें, जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार कर रही केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20 रुपये तक की कमी आ सकती है। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी में शामिल करने से न सिर्फ तेल कंपनियों को इनपुट पर चुकाए गए कर को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि देशभर में ईंधन पर टैक्स में एकरूपता आएगी। इसका मतलब है कि पूरे देश में पेट्रोल-डीजल लगभग एक ही कीमत पर उपलब्ध होंगे।

दरअसल, जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए तैयार है। अब राज्यों

को इस बारे में फैसला लेना है और साथ मिलकर इसकी दरें तय करनी हैं। अगर जीएसटी दर पर सहमति बन जाती है और पेट्रोलियम उत्पादों पर सर्वाधिक 28 फीसदी कर लगाया जाता है तो भी आम लोगों को पेट्रोल पर 19.71 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 12.83 रुपये प्रति लीटर की राहत मिलेगी। हालांकि, इससे सरकारों को कर के रूप में होने वाली कमाई पर असर पड़ सकता है।

दिल्ली में पेट्रोल 94.72 फीसदी प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। इस आधार पर जीएसटी लगने के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 75.01 रुपये और डीजल की 74.79 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी।

एक लीटर पेट्रोल पर 35.29 रुपये का टैक्स : अगर आप दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल खरीदते हैं तो 94.72 रुपये चुकाते हैं। इसमें से कुल 35.29 रुपये कर लगता है, जिसमें 19.90 रुपये एक्साइज ड्यूटी और 15.39 रुपये वैट शामिल है। एक्साइज ड्यूटी केंद्र की झोली में जाता है, जबकि वैट राज्य सरकार वसूलती है। इसी प्रकार, 87.62 रुपये में एक लीटर डीजल खरीदने पर कुल 28.62 रुपये कर लगता है। इसमें एक्साइज ड्यूटी की हिस्सेदारी 15.80 रुपये और वैट की 12.82 रुपये है।

जीएसटी भुगतान से पहले जीएसटीआर-1 में संशोधन संभव : जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन करने का विकल्प होगा।

सरकार ने जमाखोरी रोकने, कीमतों में स्थिरता के लिए गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा तय की

नई दिल्ली। सरकार ने खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, प्रोसेसर और बड़ी श्रृंखलाओं के खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं भंडारण की सीमा लगा दी है। कीमतों में स्थिरता और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एकल खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर और थोक विक्रेता हर शुक्रवार को अपने पास भंडारित गेहूं के स्टॉक का खुलासा करेंगे।

चोपड़ा ने कहा, मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं। उन्होंने यह कहा कि अभी गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध है और चीनी के निर्यात पर

प्रतिबंध की समीक्षा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें।

चोपड़ा ने आगे बताया कि थोक विक्रेताओं के लिए स्टॉक सीमा 3,000 टन होगी, जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 प्रतिशत होगी। उन्होंने बताया कि बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केन्द्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी तथा एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी।

चोपड़ा ने बताया कि हाल ही में मीडिया में आई उन खबरों के मद्देनजर स्टॉक सीमा लगाई गई है, जिनमें कहा गया है कि गेहूं सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि जमाखोरी को कम करने के लिए स्टॉक सीमा लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरूआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह 75 लाख टन था। उन्होंने कहा कि पिछले साल 266 लाख टन की खरीद की गई थी, जबकि इस साल सरकार ने 262 लाख टन की खरीद की है और खरीद अभी भी जारी है। इसलिए (शुरूआती स्टॉक में) गेहूं की कमी सिर्फ तीन लाख टन की है।

उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 131 अंक चढ़ा, निफ्टी 23500 पार

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत के बावजूद हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स 131.18 (0.16%) अंकों की बढ़त के साथ 77,341.08 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 36.75 (0.16%) अंक मजबूत होकर 23,537.85 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में 17 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा और नेस्ले इंडिया के शेयर शामिल थे। दूसरी ओर, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेक्टरवार शेयरों की बात करें तो ऑटो सेक्टर के शेयर 0.9% जबकि एफएमसीजी सेक्टर के शेयर 0.72% की बढ़त के साथ बंद हुए।

निफ्टी आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और फार्मा सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में मिलाजुला कारोबार दिखा। निफ्टी मिडकैप100 0.27% मजबूत हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी स्मॉलकैप100 0.1% की गिरावट के साथ बंद हुआ।

एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.8% पर बरकरार रखा

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा और कहा कि ऊंची ब्याज दरों तथा कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने आर्थिक दृष्टिकोण में, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ने के साथ भारत की आर्थिक वृद्धि आश्चर्यजनक रूप से ऊपर की ओर बनी हुई है। एसएंडपी ने कहा, हमें उम्मीद है कि ऊंची ब्याज दर और राजकोषीय घाटे में कमी से गैर-कृषि क्षेत्रों में मांग में नरमी के साथ चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.8 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए, एसएंडपी ने क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया।

वित्त वर्ष 2025 के लिए एसएंडपी का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तुलना में कम है। आरबीआई ने इस महीने की शुरूआत में ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति घटने के कारण कारण चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। एक अन्य रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2025 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एशियाई विकास बैंक का अनुमान है कि भारत की जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। मूडीज रेटिंग्स और डेलॉयट इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। जबकि मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।

चीन के लिए, एसएंडपी ने अपने 2024 के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया, लेकिन दूसरी तिमाही में इसमें क्रमिक मंदी आ सकती है। अनुमानों में कहा गया है कि खपत में नरमी और विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत निवेश का असर कीमतों और लाभ मार्जिन पर पड़ेगा।

राशिफल

मेष : सुख के साधन जुटेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

वृष : यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। आजीविका में नए अवसर मिलेंगे।

मिथुन : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय-व्यय बराबर रहेंगे। धैर्य रखें। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है, उसे टालें।

कर्क : वाणी पर नियंत्रण रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। राजकीय सहयोग मिलेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। खान-पान का ध्यान रखें।

सिंह : शत्रु परास्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।

कन्या : रोग, भय व चिंता का माहौल बन सकता है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। पुराने कार्यों का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

तुला : चोट व रोग से बचें। शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम न उठाएं। भागदौड़ रहेगी। छोटी-बड़ी बात से परेशानी होगी।

वृश्चिक : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लापरवाही न करें। प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा मिलेगी। प्रतिष्ठा बनी रहेगी। अधिकतर सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु : चोट व रोग से बाधा संभव है। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। धनार्जन होगा। व्यावहारिक संबंधों का लाभ ले पाएंगे।

मकर : रोजगार में वृद्धि होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। उत्साहवर्धक समाचार आएंगे। अनुकूल स्थिति बनेगी।

कुंभ : स्वास्थ्य पर व्यय होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपरिचितों पर भरोसा न करें। विवाद न करें। वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक समस्याओं का हल निकलेगा।

मीन : प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। शुभ समय। बकाया वसूली होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। स्वयं का सोच, लगन, मेहनत पर विश्वास करें।

चुटकुले

मेले में बहुत भीड़ थी...
टोलू एक महिला से कहने लगे -
माफ कीजिए मैं कुछ देर आपसे बातें करना चाहता हूं
महिला - इससे आपका क्या फायदा होगा?
टोलू- दरअसल, मेरी पत्नी खो गई है।
वह मुझे आपसे बातें करते हुए देखेगी तो गोली की तरह यहां पहुंच जाएगी।

पत्नी - तुम बहुत स्वार्थी हो
पति - भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी - जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम Our Documents भी तो रख सकते थे न....
पति- अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

पति- अपने मैरिज सर्टिफिकेट को एक घंटे से देख रहा था,
पत्नी- तुम 1 घंटे से क्या देख रहे हो ??
पति- expiry date ढूंढ रहा था, लिखी ही नहीं है।

रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छर दुनिया में किसी भी अन्य जानवर की तुलना में अधिक मौत का कारण बनता है। वे मलेरिया, डेंगू बुखार, और पीले बुखार सहित बीमारियों के वाहक होते हैं जिन्हें मच्छर रक्त चूसते समय मनुष्यों और जानवरों को प्रसारित किया जा सकता है।
- क्या आप जानते हैं? अफ्रीका और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के कुछ हिस्सों में, मच्छरों को मोजीज के रूप में जाना जाता है।
- जीवविज्ञानी आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों का उपयोग करके मलेरिया से लड़ रहे हैं जो प्रतिरक्षक हैं और इस प्रकार इसे प्रसारित करने में असमर्थ हैं। दूसरे शब्दों में, मनुष्यों में मलेरिया को ठीक करने का सबसे आसान तरीका मच्छरों को ठीक करना है।
- मच्छरों में छह पैर और पंखों की एक जोड़ी होती है। वे अपने पंख 450 से 600 गुना केवल एक सेकंड में फडफडा सकते हैं, जो सामान्य गूंज ध्वनि बनाता है।
- जब एक मादा मच्छर खून को चूसती है तो उसका पेट फैलता है और रक्त को अपने शरीर के वजन से 3 गुना अधिक स्टोर कर सकता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

25 06 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

करिश्मा कपूर
अभिनेत्री

हिमांशु

पूजा चड्ढा



रूबी

शैली

महंत मार्तंड पशुपति

भूषण त्यागी

प्रताप सिंह

आदिब कमाल

अंशुल शर्मा

दीपक सिंह

दुष्यंत गुप्ता

मोंटी कालरा

हैप्पी रस्तौगी

मुस्तकीम अब्बासी

आसिफ

रोहताश कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

टी20 विश्व कप में दूसरी बार 10 विकेट से जीता इंग्लैंड

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

बारबाडोस। तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाया जिससे इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन इंग्लैंड मौजूदा टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब इंग्लैंड ने बिना कोई विकेट गंवाए जीत दर्ज की है। अमेरिका से पहले इंग्लैंड ने 2022 में भारत को भी इसी अंतर से मात दी थी। क्रिस जॉर्डन की हैट्रिक के दम पर इंग्लैंड ने सुपर आठ चरण के मुकाबले में अमेरिका की पारी 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दी। जवाब में इंग्लैंड ने महज 9.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 117 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड

के लिए बटलर ने 38 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 83 रन और फिल सॉल्ट ने 21 गेंदों पर दो चौकों के सहारे 25 रन बनाए। ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली अमेरिका टीम का प्रदर्शन सुपर आठ में निराशाजनक रहा और टीम ने अपने तीनों मुकाबले गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस धमाकेदार जीत से इंग्लैंड की टीम सुपर आठ चरण के ग्रुप दो में तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। इंग्लैंड का नेट रन रेट +1.992 हो गया जो दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से बेहतर है।

अमेरिका की खराब बल्लेबाजी

इससे पहले, इंग्लैंड ने टॉस जीतकर अमेरिका को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन अमेरिका की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। अमेरिका ने महज 88 रन पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। आंद्रिस गोउस ने पहले ही ओवर में रीस टॉप्ले की गेंद को फाइन लेग में छक्के के लिए पहुंचाया, लेकिन दो गेंद बाद इसी शॉट को खेलने की कोशिश में फिल सॉल्ट को डीप स्क्वायर लेग पर कैच थमा बैठे। सैम कुर्रन ने स्टीफन टेलर को बैकवर्ड प्वाइंट पर मोइन अली के हाथों कैच आउट कराकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना 50वां विकेट झटका, इससे पावरप्ले में अमेरिका का स्कोर दो विकेट पर 48 रन था। जोस बटलर ने गेंद लेग स्पिनर आदिल राशिद को थमाई जिन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में खूबसूरत गुगली पर कप्तान आरोन जोंस को बोल्ड कर दिया। फिर राशिद ने गुगली से ही नितीश की भी पारी समाप्त की। लियाम लिविंगस्टोन ने फिर 14वें ओवर के अंत में मिलिंद कुमार को आउट किया जिससे स्कोर पांच विकेट पर 88 रन था। 17वें ओवर में अमेरिका ने 100 रन पूरे किए।

बटलर-सॉल्ट की शतकीय साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को बटलर और सॉल्ट ने दमदार शुरूआत दिलाई। शुरूआती दो ओवरों में इंग्लैंड ने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन तीसरा ओवर डालने आए सौरभ नेत्रवलकर पर बटलर और सॉल्ट ने हमला बोला। इंग्लैंड ने इस ओवर से 19 रन निकाले। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी जारी रखी और पावरप्ले समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 60 रन बोर्ड पर जोड़ दिए। बटलर ने छक्के के साथ 32 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। पचासा पूरा होने के बाद बटलर ने विस्फोटक बल्लेबाजी की। उन्होंने नौवां ओवर डालने आए हरमीत सिंह के ओवर में 32 रन जुटाए और लगातार पांच छक्के जड़े और फिर अगले ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

जॉर्डन ने ली हैट्रिक

कप्तान जोस बटलर ने 19वां ओवर डालने के लिए जॉर्डन को भेजा। दिलचस्प बात यह है कि जॉर्डन को इस मुकाबले के लिए मार्क वुड की जगह प्लेइंग-11 में जगह दी गई थी और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जॉर्डन ने पहली गेंद पर कोरी एंडरसन को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। अगली गेंद डॉट रही, जबकि तीसरी गेंद पर जॉर्डन ने अली खान को बोल्ड कर दिया। चौथी गेंद पर नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे नोसथुश केंजिगे को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर अगली गेंद पर सौरभ नेत्रवलकर को बोल्ड कर हैट्रिक पूरी कर ली। जॉर्डन इसके साथ ही टी20 प्रारूप में हैट्रिक पूरी करने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। इस विश्व कप में यह तीसरी बार है जब किसी गेंदबाज ने हैट्रिक ली है। जॉर्डन से पहले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ऐसे एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने इस विश्व कप में हैट्रिक ली थी। जॉर्डन ने इस मैच में सिर्फ हैट्रिक ही पूरी नहीं की, बल्कि उन्होंने अपने इस ओवर में पांच गेंदों पर चार विकेट लिए। जॉर्डन आयरलैंड के कर्टिस कैम्फर के बाद टी20 विश्व कप के किसी ओवर में चार विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। कैम्फर ने 2021 में नीदरलैंड के खिलाफ एक ओवर में चार विकेट झटके थे और अब जॉर्डन ने भी यह कारनामा किया। अमेरिका के लिए नीतीश कुमार ने सर्वाधिक 30 रन और कोरी एंडरसन ने 29 रन बनाए, जबकि हरमीत ने 21 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जॉर्डन ने चार विकेट लिए, जबकि सैम कुर्रन और आदिल राशिद को दो-दो विकेट मिले।

हरमीत ने डाली टी20 विश्व कप की पांचवीं महंगी ओवर

अमेरिका के बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। हरमीत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक ओवर में 32 रन लुटाए और वह टी20 विश्व कप के एक ओवर में सर्वाधिक रन लुटाने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और अफगानिस्तान के अजमातुल्लाह ओमरजई के नाम टी20 विश्व कप में सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ब्रॉड ने 2007 में भारत के खिलाफ और ओमरजई ने 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ओवर में 36 रन लुटाए थे।

क्रिस जॉर्डन ने यूएसए के खिलाफ हैट्रिक लेकर घर वापसी का लुत्फ उठाया

ब्रिजटाउन। इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन ने केंसिंग्टन ओवल में अपने करियर के यादगार क्षण का जश्न मनाया, और हैट्रिक लेकर अपनी टीम को यूएसए पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ-साथ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह भी दिलाई। बारबाडोस में जन्मे 35 वर्षीय गेंदबाज ने इस रिकॉर्ड को अपने लिए बेहद खास बताया, क्योंकि उनका इस मैदान से गहरा नाता है, जहां से उनकी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। सुपर-8 में यूएसए के खिलाफ, जॉर्डन ने 2.5 ओवर में 4/10 का आंकड़ा हासिल किया। मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, जॉर्डन ने अपने होमटाउन में इस तरह की उपलब्धि हासिल करने के बारे में अपनी भावनाओं को साझा किया। मैच के बाद जॉर्डन ने कहा, मैं जिस जगह पैदा हुआ, जिस जगह मैंने बहुत क्रिकेट खेला, अपने परिवार, दोस्तों के सामने हैट्रिक लेना एक अच्छा दिन था। मेरे परिवार को दुनिया भर में यात्रा करने और मुझे

बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए देखने का मौका बहुत कम मिलता है। इसलिए उनके सामने ऐसा करना निश्चित रूप से सबसे बड़ी उपलब्धि है। विश्व कप में यह प्रदर्शन और हमारा सेमीफाइनल में क्वालीफाई करना मेरे लिए खास है, यह निश्चित रूप से मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। जॉर्डन की व्यक्तिगत जीत एक मुख्य आकर्षण थी, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड टीम के सामूहिक प्रयास को भी सराहा। उन्होंने अपने साथियों के प्रदर्शन की भी सराहना की, जिसके दम पर टीम ने जीत की नींव रखी। जॉर्डन ने कहा, मुझे लगता है कि टीम यूएसए के खिलाफ वाकई में शानदार थी और हमने एक आलराउंड टीम प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।

सेमीफाइनल की संभावनाओं के लिए भिड़ेंगे अफगानिस्तान और बांग्लादेश : प्रीव्यू

सेंट विंसेंट। टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में सेमीफाइनल की संभावनाओं के लिए अफगानिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मुकाबला मगंलवार को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से किंग्सटाउन के सेंट विंसेंट मैदान पर होगा। जहां ग्रुप 2 के दो सेमीफाइनलिस्ट पक्के हो चुके हैं, वहीं अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद ग्रुप 1 का समीकरण भी रोमांचक हो गया है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने के बाद अफगानी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे बांग्लादेश को भी हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश करेंगे। वहीं बांग्लादेश की टीम इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर अपनी बची संभावनाओं को ज़िंदा रखना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच अब तक 11 टी20 मुकाबले हुए हैं, जिसमें अफगानिस्तान को छह जबकि बांग्लादेश को पांच मैचों में जीत मिली है। वहीं टी20 विश्व कप

में दोनों टीमें सिर्फ.एक बार भिड़ी हैं, जिसमें बांग्लादेश को जीत मिली थी। अफगानिस्तान को चार ग्रुप मुकाबलों में तीन में जीत मिली थी, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ एक बड़ी जीत शामिल थी।

इसके बाद सुपर-8 में उन्हें भारत के खिलाफ हार मिली, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को हराकर उन्होंने अपनी सेमीफाइनल की संभावनाओं को बरकरार रखा है। वहीं बांग्लादेश भी अपने तीन ग्रुप मुकाबलों को जीतकर आया था, जिसमें चिर प्रतिद्वंदी श्रीलंका के खिलाफ जीत भी शामिल थी। हालांकि सुपर-8 में उन्हें भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने हराया और वे इस मैच को बड़े अंतर से जीतने के साथ यह भी चाहेंगे कि ऑस्ट्रेलिया भी भारत को बड़े अंतर से हरा दे। सेंट विंसेंट के इस मैदान पर बांग्लादेश ने दो मैच खेले हैं, जिसमें दोनों में उन्हें जीत मिली है, वहीं अफगानिस्तान ने यहां पर सिर्फ.एक मुकाबला खेला है, जिसमें उन्होंने पिछले मैच में ही ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराकर एक बड़ी जीत दर्ज की थी।

गुरबाज और रिशाद पर नजरें

छह पारियों में 40 की औसत और 142 के स्ट्राइक रेट से 238 रन बनाकर रहमानउल्लाह गुरबाज इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह इस विश्व कप में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 60 रन की महत्वपूर्ण पारी शामिल है। उन्होंने अपने साथी सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के साथ इस विश्व कप में तीन शतकीय साझेदारियां भी की हैं, जो कि अब विश्व रिकॉर्ड है। कुल मिलाकर अफगानिस्तान का भाग्य गुरबाज और सलामी साझेदारी पर निर्भर करेगा। वहीं बांग्लादेश की तरफ से उनके लेग स्पिन ऑलराउंडर रिशाद हुसैन एक बड़ा नाम बनकर उभरे हैं। उनके नाम इस विश्व कप में 14.6 की औसत और 11.4 के स्ट्राइक रेट से 11 विकेट है। वह गेंदों को टर्न कराने के लिए जाने जाते हैं और गुगली पर बहुत ही कम निर्भर रहते हैं। उनकी गेंद औसतन 4.46 डिग्री तक घूमी है, जो कि इस विश्व कप में किसी भी स्पिनर के लिए सर्वाधिक है। सेंट विंसेंट की इस पिच पर वह अफगानी बल्लेबाजों को हैरान कर सकते हैं।

टीमें **अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, मोहम्मद इशाक, अजमतउल्लाह ओमरजाई, करीम जनत, गुलबदीन नईब, नजीबउल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, नवीन उल हक, नांगेलिया खरोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, मुजीब उर रहमान

बांग्लादेश : नजमुल शान्तो (कप्तान), तस्किन अहमद (उपकप्तान), जाकेर अली, तंजिद हसन, तनजीम हसन साकिब, तनवीर इस्लाम, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, मुस्तफि जुर रहमान, रिशाद हुसैन, लिटन कुमार दास, शाकिब अल हसन, शरीफुल इस्लाम, सौम्य सरकार, मो. तौहीद हृदोय

2028 ओलंपिक में क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए होगा 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव' : पीटरसन

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि ओलंपिक में खेलना एक क्रिकेटर के लिए 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव' होगा। पीटरसन के करियर में टी20 विश्व कप ट्रॉफी, भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट दिग्गजों के खिलाफ यादगार जीत शामिल है। उन्होंने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की पहल की सराहना की। क्रिकेट को 2028 खेलों के लिए ओलंपिक में जोड़ा गया है। आईसीसी के अनुसार, इस गेम के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 3 बिलियन से अधिक दर्शकों के होने का अनुमान है। वर्ष 1900 के बाद यह पहली बार होगा जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को जोड़ा गया है। पीटरसन ने पॉडकास्ट श्रृंखला '180 नॉट आउट' में कहा, मैंने कभी ओलंपिक खेल नहीं खेला। मैं टी20 विश्व कप जीतने और विश्व कप में खेलने के लिए काफी भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। लेकिन जब आप ओलंपिक खेलों में खेलने के अवसर को देखते हैं, तो यह बहुत अच्छा है। गोल्फ थोड़े समय पहले ही ओलंपिक का हिस्सा बना। जस्टिन रोज ने पहला गेम जीता, वह मेरा दोस्त है। उसने कहा कि ओलंपिक खेलों में खेलना सबसे अविश्वसनीय अनुभव है। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला, जो इस पॉडकास्ट का हिस्सा थे, ने

इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच खिलाड़ियों के सामने आने वाली कठिन चुनौतियों के बारे में बात की। अमला ने कहा, यह वास्तव में खिलाड़ियों को परेशान कर रहा है...एक तरफ राष्ट्रीय टीम और दूसरी तरफ फ्रैंचाइजी क्रिकेट। इसने खिलाड़ियों को दुविधा में डाल दिया है कि उन्हें किस तरफ जाना है और वे अपना करियर कैसे बनाना है। यह एक बहुत ही कठिन निर्णय है। मुझे लगता है, अगर आप अच्छा ओलंपिक चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि ओलंपिक खेल एक अंतर पर हो ताकि यह किसी अन्य लीग से न टकराए। वे ऐसा कैसे कर सकते हैं, मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत, जो 2011 विश्व कप विजेता टीम में थे, वो भी इस पॉडकास्ट का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि अगर भारत लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है, तो यह 'सोने पर सुहागा' होगा।

श्रीसंत ने कहा, मैं ओलंपिक को चुनूंगा। मैं केरल से हूं, जो ओलंपियनों की भूमि है... जब भी वे ट्रैक और फील्ड में जाते हैं, तो उनके घर के सामने 'ओलंपियन' लिखा होता है। मेरे लिए यह ऑस्कर की तरह है, लेकिन ऑस्कर हर साल होता है और ओलंपिक चार साल में एक बार होता है। ठीक वैसे ही जैसे विश्व कप होता है। अगर भारत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतता है तो यह सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

भारत ने तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम ओलंपिक कोटा हासिल किया

नई दिल्ली। सोमवार को अपडेट की गई विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत की पुरुष और महिला टीमों ने तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। भारत ने गैर-योग्य देशों के बीच पुरुष और महिला दोनों रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए संबंधित बर्थ अर्जित की। नई टीम कोटा के साथ, भारत तीरंदाजी में सभी पांच पदक श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसमें पुरुष और महिला टीम स्पर्धाएं, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियां शामिल हैं। पुरुष वर्ग में, भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में इंडोनेशिया भारत के साथ टीम कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश बन गया। टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खंड में 12 पक्ष शामिल होंगे, जबकि

मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें भाग लेंगी। पहली बार, तीन-लेग ओलंपिक क्वालीफायर के बाद शीर्ष दो देशों को टीम कोटा दिया जा रहा है। पहला ओलंपिक क्वालीफायर पिछले साल बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में हुआ था। दक्षिण कोरिया, तुर्की और जापान ने पुरुष वर्ग में क्वालीफाई किया, जबकि जर्मनी और मैक्सिको ने महिला वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित किया। दूसरा चरण महाद्वीपीय क्वालीफायर था। एशियाई चरण में, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान ने क्रमशः पुरुष और महिला टीम के कोटे अर्जित किए, जबकि कोलंबिया और अमेरिका ने पैन-अमेरिका से क्वालीफाई किया। इटली (पुरुष) और नीदरलैंड (महिला) ने यूरोपीय चरण से कोटा हासिल किया। अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर हाल ही में अंताल्या में आयोजित किया गया था। मेक्सिको, चीनी ताइपे और ग्रेट ब्रिटेन ने पुरुष वर्ग में कोटा हासिल किया और चीन, मलेशिया, ग्रेट ब्रिटेन और चीनी ताइपे ने महिला वर्ग में जगह बनाई। 40 वर्षीय सेना के दिग्गज तरुणदीप राय, जिन्होंने एथेंस 2004 में डेब्यू किया था, खेलों में अपनी चौथी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। साथ ही, पूर्व विश्व नंबर- 11 दीपिका कुमारी लगातार चौथे ओलंपिक में भाग लेंगी, इससे पहले उन्होंने लंदन 2012 में भाग लिया था। धीरज बोम्मादेवरा, अंकिता भकत और भजन कौर अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे, जबकि प्रवीण जाधव टोक्यो के बाद अपने दूसरे लगातार खेलों में भाग लेंगे।

कोहली ने अनावश्यक आलोचना झेली है : वार्नर

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ टी 20 विश्व कप के महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वार्नर ने विराट कोहली के समर्थन में आगे आते हुए कहा है कि बल्लेबाज ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर अनावश्यक आलोचना का सामना किया है। कोहली ने न्यूयॉर्क में ग्रुप चरण में फ्लॉप शो के बाद वेस्ट इंडीज में सुपर आठ मैचों में अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ क्रमशः 24 और 37 रन बनाये हैं। वार्नर ने कहा कि मैदान पर कोहली की ऊर्जा भारत के खिलाफ मुकाबलों में आग में ईंधन डालने का काम करती है। वार्नर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ₹यह खेल के प्रति उसका जुनून है, जैसे, उसे रन बनाने की आदत है और रन बनाने की भूख है। आप जानते हैं, वह बहुत सारी आलोचनाओं का सामना करता है, जो सही नहीं है। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा क्यों करता है यह, लेकिन वहां बहुत सारे लोग हैं जो हम सभी की तरह विराट के बड़े समर्थक हैं।" अब, हम इस खेल को खेलने वाले महान खिलाड़ियों से चमत्कृत हैं, और हम उनके साथ मैदान

में उतरने के लिए भाग्यशाली हैं। तो, आप जानते हैं, उसके लिए, वह लगातार अपने व्यवसाय के बारे में बताता है जैसे वह करता है। आप जानते हैं, वह बहुत सारे रन बनाता है। वह एक अच्छा टीम मैन है और कड़ी प्रतिस्पर्धा करता है और भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलना हमें पसंद है। भारत ने अपने दोनों सुपर आठ मैच जीते हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपने आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था। यदि भारत मुकाबला जीतता है, तो वे स्वचालित रूप से सेमीफाइनल के लिए अर्हता प्राप्त कर लेंगे और इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों में शामिल हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने कहा कि रोहित शर्मा और कोहली को बल्लेबाजी क्रम का नेतृत्व करते हुए भारत के खिलाफ खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। जम्पा ने कहा,मेरा मतलब है, उम्मीद है, फाइनल में सुपर 8 के लिए बड़ी चुनौतियां होंगी। आप भारत की टीम को देखें, विराट, रोहित।

ये सभी लोग स्पष्ट नाम थे जो लंबे समय से मौजूद हैं। इस बीच, टिम डेविड ने कहा कि रोहित की बल्लेबाजी अद्भुत है और कप्तान विश्व खिताब के लिए भूखे हैं। रोहित के बारे में कुछ बात यह है कि स्वाभाविक रूप से, वह जिस तरह से खेलता है उसे देखना बहुत अच्छा है। वह जिस तरह से बल्लेबाजी करता है वह सहज है। आप हमेशा बैठकर उसे बल्लेबाजी करते हुए देखेंगे और यह बहुत खुशी की बात है।

लेकिन मुझे लगता है कि उसे अपने साथियों की परवाह करनी होगी , जो स्पष्ट रूप से वह भारत के कप्तान के रूप में उस भूमिका में है और मुझे पता है कि वह विश्व खिताब के लिए भी काफी भूखा है।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया: पटना में युवा क्रिकेटरों ने कहा, इस बार ट्रॉफी भारत जीतेगा

पटना। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुपर-8 के ग्रुप-1 का अहम मुकाबला सोमवार को वेस्ट इंडीज के सेंट लूसिया में खेला जाना है। इस मुकाबले के नतीजों पर कई टीमों का भाग्य निर्भर करता है। यहां भारत की जीत सेमीफाइनल की उसकी जगह पक्की करेगी, तो ऑस्ट्रेलिया की हार उन्हें टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर सकती है। सुपर-8 में यह दोनों टीमों का आखिरी मैच है। अफगानिस्तान के खिलाफ बड़े उलटफेर का शिकार हुई ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए यह मुकाबला जीतना बेहद जरूरी है। वहीं, दूसरी तरफ टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल की हार का बदला ऑस्ट्रेलिया से जरूर लेना चाहेगी। टी20 में दुनिया की टॉप-2 टीमों भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 विश्व कप 2024 का यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। इस मैच पर ग्रुप-1 की सारी टीमों की नजरें टिकी हैं। टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने की दहलीज पर है। वहीं, मिचेल मार्श की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से बाहर होने के खतरे की तलवार लटकी हुई है। इस मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट फैंस में काफी उत्साह है। पटना में युवा खिलाड़ियों ने इस मुकाबले को लेकर आईएएनएस से अपनी प्रतिक्रिया शेयर की। एक स्थानीय युवा क्रिकेटर ने कहा, हमें विराट कोहली से बहुत उम्मीदें हैं। उनका प्रदर्शन अब तक खराब रहा है। वो बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका बल्ला चलना टीम के लिए महत्वपूर्ण है। एक अन्य युवा क्रिकेटर ने कहा, रोहित शर्मा 2007 के बाद एक बार फिर इस बार टी20 विश्व कप जीतेंगे। एक अन्य युवा क्रिकेटर ने कहा, वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने हमसे ट्रॉफी छीनी थी। इस बार हमारे पास मौका है उनसे पुराना हिसाब बराबर करने का। रोहित शर्मा इस मुकाबले में खूब रन बनाएंगे।

हॉकी ने जो कुछ भी दिया, उसके लिए आभारी हूं : माधुरी किंडो

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो को हाल ही में जूनियर टीम से प्रमोट किया गया है। अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हॉकी ने जो कुछ भी उन्हें दिया, वो उसके लिए सदैव आभारी रहेंगी। माधुरी ओडिशा के बीरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से हैं, जो राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है। माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बीरमित्रपुर में हमारे पास बिना कंक्रीट की छत वाले दो घर थे और परिवार में केवल मेरे भाई मनोज ही कमाते थे।

उन्होंने नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया और पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनकी आर्थिक मदद करने में सक्षम हुई। अपने भाई की मदद करना काफी अच्छा एहसास था। मैं हॉकी की आभारी हूं, जिसने मुझे हर चीज में मदद की। माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से काफी प्रभावित थी। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, माधुरी ने हॉकी स्टिक उठाई और 2012 में पानपोष स्पोर्ट्स हॉस्टल में शामिल हो गईं। माधुरी शुरू में एक डिफेंडर के रूप में शामिल हुईं, लेकिन अपने एथलेटिक कौशल के कारण गोलकीपर बन गईं। ओडिशा से राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कई बार भाग लेने के बाद, माधुरी को 2021 में भारतीय जूनियर टीम में शामिल किया गया।

जापान में जूनियर महिला एशिया कप 2023 में उनका शानदार प्रदर्शन उनके लिए टर्निंग पॉइंट था, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्हें मुंबई में पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिला। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड हॉकी टीम में जगह पक्की करने के अलावा, माधुरी ने इस साल अप्रैल में साई बेंगलुरु में एक शिविर के बाद भारतीय टीम में भी कदम रखा। हालांकि उन्हें अभी सीनियर में डेब्यू करना बाकी है, लेकिन माधुरी अपनी आदर्श सविता के साथ प्रशिक्षण के अवसर का पूरा लुत्फ उठा रही हैं। उन्होंने कहा, जूनियर और सीनियर टीमों के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है क्योंकि मेरी टीम में सविता, बिचू देवी खारीबाम और बंसरी सोलंकी जैसे सीनियर खिलाड़ी हैं जो मेरे खेल में मेरी मदद करते हैं। उन्हें हर दिन गहन प्रशिक्षण करते हुए देखने से मुझे उच्चतम स्तर पर खेल के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने में मदद मिली है। मेरे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है।

डबल मर्डर में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

तीन दिन बाद भी आरोपी फरार

मोदीनगर, करंट क्राइम। गत शुक्रवार को आम के बाग में पानी को लेकर हुए विवाद में पिता और पुत्र के दोहरे हत्याकांड में प्रयुक्त पिस्टल रविवार को बरामद कर ली गई है। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस फरार आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस की टीमें लगातार फरार चार आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। घटना दो समुदायों से जुड़ी होने पर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई। मृतकों के परिजन आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने और एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए आरोपियों के गांव व बाग पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जनपद के मेरठ स्थित जानी के गांव रसूलपुर धौलड़ी निवारी ठेकेदार पप्पू ने पास के कस्बा निवाड़ी स्थित गांव खिंदौड़ा में जयप्रकाश के आम के बाग ठेके पर लिए हुए थे। बीते शुक्रवार को

गिरफ्तारी के बाद ही गुत्थी सुलझेगी

पुलिस ने मृतक के भाई बिलाल की तहरीर पर सात आरोपियों दीपक, बिट्टू, सुधीर, लवली, दीपक, मोहित व आसिफ के खिलाफ हत्या और जानलेवा हमले सहित कई अलग.अलग धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हत्यारोपी दीपक, बिट्टू और उनके पिता सुधीर त्यागी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी दीपक की निशानदेही पर हत्याकांड में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद पिस्टल खिंदौड़ा पुल के पास झाड़ियों में छुपा दी थी। बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हत्या की गुत्थी सुलझेगी। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आम के बाग में पानी देने को लेकर पड़ोसी सुधीर व उसके साथियों से विवाद हो गया था। शाम के समय दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। शुक्रवार रात करीब 11 बजे पप्पू अपने पुत्र शाहनवाज उर्फ राजा व चांद के साथ मजदूरों को खाना देकर एक बाइक से रजवाहा पटरी मार्ग से होते हुए जा रहे थे। तभी सुधीर ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर पप्पू और शाहनवाज की हत्या कर दी। जबकि चांद गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां चांद की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

छज्जे से गिरी दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत

लोनी, करंट क्राइम। मकान की प्रथम मंजिल से गिरी दो वर्षीय मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि चमन विहार कॉलोनी में 15 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोनी की मुस्तफाबाद कॉलोनी निवासी मेहराज की दो वर्षीय बेटी रविवार दोपहर एक बजे घर की प्रथम मंजिल पर छज्जे पर खेल रही थी। इसी दौरान नीचे सड़क पर गिर गई। उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन सोमवार सुबह छह बजे वहां उसकी मौत हो गई।

चमन विहार कॉलोनी निवासी रामवीर ने बताया कि रविवार सुबह 8.30 बजे वह काम पर चला गया था। शाम में करीब 7.30 बजे वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था तथा उसके बेटे का शव नाईलोन की रस्सी के सहारे छत में लगे पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बुलंदशहर की गौशाला का गाजियाबाद में हो रहा है उगाही कलेक्शन

सरकार में गाय का भी अपना एक रोल रहा है और फूल वालों में से ही कोई ये बोल रहा है कि गौशाला की गाय दूध दें या ना दें लेकिन वो दूसरों को दुहने के काम आ रही है। किस्सा बुलंदशहर की गौशाला का बिल्डरों में गूंज रहा है। किस्से में सरकार वाले भी हैं और किस्से में फूल वाला मेंबर भी है। किस्से में लेने वाले भी हैं और किस्से में देने वाले भी हैं। गौशाला बन तो रही है बुलंदशहर में लेकिन रसीद कट रही है गाजियाबाद में। 300 बीघे की धरा पर गौशाला का निर्माण हो रहा है तो ईंट सीमेंट भी चाहिये ही और इतना फर्ज तो ईंट सीमेंट सरिये वालो का बनता है कि वो दान करें। अब दान तक तो सीन ठीक हैं लेकिन यहां तो राबिनहुड स्टाईल में नकद अलग और गौशाला की रसीद का सीन अलग है। निर्माण करोगे तो तब जब पहले दान करोगे और दान से पहले सिस्टम को फॉलो करोगे। 15 पेटी देने का किस्सा चला तो पता चला कि हिस्सा इस तरह से बंटा कि नकद इतने दे दो और चैक से इतने दे देना गौशाला के नाम के।

अकुंश अरोड़ा मनु लव राजू छाबड़ा नही लड़ सकते क्या विधायकी

शहर में उपचुनाव होना है और दावेदारी की लड़ाई में पंजाबी समाज ने भी अगंड़ाई ली है। साधना जी ने हुंकार भरी और निशाना ये साधा कि हम ही लोटस को फर्श से अर्श पर लाये हैं। फूल वाले सरदार जी खामोशी में ही भलाई समझ रहे हैं और ऐसे में दावेदारी के यूथ एगंल पर उन चेहरों को लेकर चर्चा चली जो बूथ पर कमल खिलाते हैं। वोट मांगने जाते हैं, वोट को बूथ तक लेकर आते हैं लेकिन ये देवतुल्य टिकट दावेदारी में क्यों कंसीडर नही हो पाते हैं। कहने वाले ने कहा कि अकुंश अरोड़ा, मनु लव, राजू छाबड़ा पंजाबी नही हैं क्या। क्या पार्टी के ये देवतुल्य पंजाबी यूथ फेस विधायकी नही लड़ सकते क्या। पंजाबी समाज के भाजपा नेता, पंजाबी समाज के कर्णधार क्यों अपने समाज के इन युवा नेताओं के लिये टिकट नही मांगते। माना कि तुम नही लड़ोगे चुनाव पर लड़वा तो सकते हो। माना कि टिकट नही मांगोगें पर समाज के लिये मांग तो सकते हो। ये भी कार्यकर्ता हैं, युवा हैं, सक्रिय हैं तो मेहरबान रखो ना फिर इनका भी नाम। अरे उपचुनाव ही तो हैं खेल लेगें ये भी चुनावी पारी। तब्दील करा दो इनकी भी दावेदारी को उम्मीदवारी में। इन यूथ चेहरों को मजबूत करने के लिये प्रयास तो करो कर्णधारों।

उतर गया बुखार आचार संहिता के बाद तो वो दिखे और भी लाचार

बिफोर चार जून उनका खून उबाले मारे और मेयर से लेकर विधायक तक दें ललकार कि हमारी है सरकार और देखना जरा चार जून के बाद। लो जी चार जून आकर चली गई और सरकार होने का बुखार भी उतर गया। आचार संहिता के बाद तो फूल वाले और भी लाचार दिखे। बाजार में बुलडोजर उनके प्रतिष्ठानों की प्रतिष्ठा को धूल धूसरित कर रहा है और मंडी में उन पर डंडी बज रही है। वो ठहरे सिम्पली देवतुल्य लेकिन आचार संहिता हटने के बाद तो लाचार वो भी दिखे जो कह रहे थे कि सरकार में हैं हम।

तहसील प्रशासन की कार्यशैली से पीड़ित ने दी आत्मदाह की चेतावनी

मोदीनगर, करंट क्राइम। तहसील मोदीनगर प्रशासन की कार्यप्रणाली से परेशान एक युवक ने आगामी तहसील समाधान दिवस पर आत्मदाह की चेतावनी दी है जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। खुफिया विभाग भी मामले में अपनी नजर रखे हुए है। गांव खंजरपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 140 हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी संदीप चैहान के नाम पर दर्ज है और खसरा नंबर 141 में सरकारी भूमि पर कुछ लोगों को पट्टा आवंटित किए गए हैं। पीड़ित का आरोप है पट्टा धारक ने खसरा नंबर 140 की भूमि को कब्जा करके 141 में शामिल कर लिया है और जब पीड़ित अपने मजदूरों से दीवार करा रहा था, तो दबंग पट्टाधारक ने गत माह पूर्व पुलिस से साठगांठ करके पीड़ित के खिलाफ एससीएसटी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित संदीप चौहान कई महीनों से तहसील प्रशासन के चक्कर काट रहा है। प्रशासन है कि उसकी सुनने के लिए तैयार नहीं है, तहसील प्रशासन की कार्यशैली से परेशान होकर पीड़ित संदीप ने आगामी संपूर्ण समाधान दिवस में आत्मदाह की चेतावनी दी है। इस संबन्ध में एक शिकायती पत्र उनके द्वारा एसडीएम पूजा गुप्ता को भी प्रेषित किया है। इसके बाद से पुलिस प्रशासन व खुफिया विभाग भी अलर्ट मोड पर है। बताते चलें कि पूर्व में भी किसान सुशील ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली से आहत होकर संपूर्ण समाधान दिवस में आत्महत्या की थी।

राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने किया आयोजन

मोदीनगर, करंट क्राइम। राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आयोजन किया गया। संस्थापक व अध्यक्ष अमित तिसावड़ द्वारा सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बागपत लोकसभा सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि, मोदीनगर विधायक डॉ0 मंजू शिवाच रहीं। संस्था के अध्यक्ष अमित तिसावड़ ने वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि किसी भी स्तर पर वाल्मीकि समाज का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संविधान के अनुसार प्राप्त आरक्षण का पूरा लाभ वाल्मीकि समाज को प्राप्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत प्रयास करेगा तथा अपनी

बात लखनऊ से लेकर दिल्ली सरकार के सामने मजबूती से रखेगा।

बागपत लोकसभा से सांसद व मुख्य अतिथि डॉ0 राजकुमार सांगवान ने वाल्मीकि समाज को अपना परिवार का हिस्सा बताया और उन्होंने वाल्मीकि समाज के ज्वलंत मुद्दों पर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री भाजपा अमित वाल्मीकि द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए और उन्होंने खुशी जताई कि आज वाल्मीकि समाज सफाई कार्य से अलग भी विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कर रहा है तथा उचित अवसर प्राप्त हो तो वाल्मीकि समाज भी देश की मुख्य धारा के साथ जुड़कर देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप चैहान, वाल्मीकि राघव, प्रधान वाल्मीकि दुर्गेश वाल्मीकि, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश वाल्मीकि, राजा वाल्मीकि एडवोकेट, सीमा कात्यायनी, मोहित प्रभाकर, मनुप्रिय मजदूर, बबलू वाल्मीकि, अमित कराटे, सुमित पार्चा, संजीव वाल्मीकि, संजीव मकवाना, आकाश प्रधान, अविनाश वाल्मीकि, दीपक चंद्रा, विकाश केसला, साधु मकवाना, लीलू हांडा, नरेश राजोरा, मोनू वाल्मीकि, समीर आनंद, बिट्टू वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, भारत चैधरी, बिल्लू सूद, सावन लहरी, अनिल वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

युवकों को मारपीट कर किया घायल

मुरादनगर, करंट क्राइम। रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली स्थित पेट्रोल पंप के पास दंबगों ने तीन युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामला अलग अलग समुदाय से जुड़ा हुआ है। पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है। नगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी अमीरुद्दीन ने बताायाा कि वह अपने भाई समीर के साथ पैतुक गांव रेवड़ा रेवड़ी से बाइक पर मुरादनगर आ रहे थे। जब रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली कलां स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो बाइक सवार युवकों ने अचानक रोक लिया। इसके बाद बेल्ट से पिटाई करनी शुरू कर दी। इतना पीटा गया कि अमीरुद्दीन व समीर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने दूसरे समुदाय के युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सांसद इमरान मसूद

पिता बेटे की हत्या मामले में मदद का दिया आश्वासन

- बढ़ते अपराध के विरोध में कांग्रेस करेगीआंदोलन

मोदीनगर, करंट क्राइम। बाग में पानी के विवाद को लेकर पिता व बेटे की हत्या मामले में कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

सोमवार को धौलड़ी गांव में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, मेरठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अवनीश काजला सहित अन्य कांग्रेस नेता पहुंचे। यहां पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के साथ मदद का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।

मेरठ के जानी ब्लॉक के धौलड़ी गांव में रहने वाले पिता सिराजुद्दीन और उनके बेटे शाहनवाज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दूसरे बेटे चांद की भी हालत गंभीर है। सांसद इमरान

मसूद ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस समय यूपी में कानून व्यवस्था एकदम खराब हो चुकी है। सरकार बुलडोजर की बात जरूर करती है, लेकिन अपराधियों पर इसका कोई असर नहीं है। यूपी में अपराध चरम सीमा पर है।

बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

जिलाध्यक्ष अवनीश काजला सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है। सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जल्द बढ़ते अपराध के विरोध में आंदोलन करेगी।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने सहयोग पार्क में 10 एचपी के पंप के साथ लगवाया ओपन जिम

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोग जल संकट से भी जूझ रहे हैं। इस को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने सोमवार को वार्ड 97 रामप्रस्थ के बी ब्लॉक के सहयोग पार्क में 10 एचपी का पंप का उद्घाटन किया। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि रामप्रसाद के बी ब्लॉक के के सहयोग पार्क में 10 एचपी सबमर्सिबल लगवाया जा रहा है।

इस क्षेत्र में हमेशा पानी की समस्या बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए नगर निगम के सहयोग से यह पंप लगवाया जा रहा है। इन अवसर पर अभी क्षेत्र वासियों ने पार्षद श्री भगवान अग्रवाल का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षद के सहयोग से जो पंप लगाया गया है इस से वार्ड में जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहयोग पार्क में भी ओपन जिम लगने जा रहा है जिसका फाउंडेशन भरवा दिया गया है यह विधायक निधि से लग

रहा है उन्होंने कहा पार्क में सभी झूलों की मरम्मत कराई गई है जिससे बच्चों को झूलने में कोई परेशानी ना।

वार्ड में कार्य और भी चल रहे हैं, वार्ड 97 को आदर्श वार्ड के रूप में पहचान बनाने का संकल्प मेरा है।

खास चौकियों के लिए सर्च होंगे फेस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों 188 टू-स्टारों के तबादले हुए थे। इन तबादलों के बाद अब प्रयास लगाया जा रहा है कि जल्द ही कई थाने और चौकियां भी खाली हो सकती हैं। उधर कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले अभी कई चौकियां खाली न हुई हो पर इलाके वाले साहब लोगों ने नए फेस सर्च करने शुरू कर दिए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की कमिश्नरी के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन की बड़ी संख्या में ऐसी चौकी हैं जहां के टू-स्टार जल्द ही अन्य कमिश्नरेट और जिलों के लिए रवाना होंगे। उनके रवाना होने के बाद वहां नए फेस तैनात किए जाएंगे। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे 30 जून तक अगर नए आदेश आ गए, तो इन लोगों को थोड़ा टाइम मिल सकता है वरना धीरे-धीरे करके इनको रिलीव किया जा सकता है। उधर इन सबके बीच सबसे ज्यादा टेंशन में वह टू-स्टार बताएं जा रहे हैं जिन्होंने कुछ समय पहले ही थाना पाया था और उनको भी लेकर जल्द ही कुछ नया फरमान आ सकता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कई 2015 बैच के टू-स्टार तो इन दोनों इसलिए भी टेंशन में चल रहे हैं कि उनके लिए आगे क्या हो कुछ पता नहीं है। वर्तमान में कई टू-स्टार थानों के प्रभार पर हैं जो 2015 बैच से बताएं जा रहे हैं। वैसे सुनने में आ रहा है कि सैटिंग वालों को टाइम मिलेगा और जो दूसरी जगह पांव जमाना चाहते हैं वो यहां से जल्द जाने का प्लान बना रहे हैं ताकि नई जगह बात बन सके। वहीं जिस तरह से आईपीएस लिस्ट को लेकर सस्पेंस बना हुआ है उसको देखते हुए कई टू-स्टार ने तो अपने आसपास वाले लिंक निकालने में भी जुट गए हैं। वैसे पुलिस मुख्यालय वाले सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस वाली लिस्ट को लेकर कई स्तर पर बेट हो रहा है। कईयों को अपनी टेंशन हैं तो कई दूसरे के साथ होने वाले खेल को जानने की दिलचस्पी दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट के लिए अगले पांच दिन बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं, एक तरह तो टू-स्टारों को लेकर स्थिति क्लीयर होने की बात हो रही है। तो वहीं दूसरी तरह आईपीएस की लिस्ट से कई तरह के सीन भी साफ होंगे। वैसे 188 टू-स्टारों की लिस्ट में सबसे ज्यादा असर देहात जोन पर ही पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। वहां थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों की संख्या ज्यादा रहेगी।

बिना आध्यात्मिक सशक्तिकरण के संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है- डॉ0 एम डी गुप्ता

- मातेश्वरी जगदंबा के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर हमने आध्यात्मिक मूल्यों को स्वयं में समाहित कर श्रेष्ठ परिवार होने का गौरव पाया- डॉ0 मंजू गुप्ता।

गाजियाबाद करंट क्राइम। सोमवार को राजनगर एक्सटेंशन में वीवीआईपी के सभागार में ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर दिल्ली से पधारीं महिला प्रभाग की अध्यक्षा एवं रुस तथा बाल्टिक देशों की निर्देशिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी ने मातेश्वरी जी के साथ के अपने पलों को साझा किया। उन्होंने कहा कि स्वयं परमपिता परमात्मा ने उनकी पवित्रता और आध्यात्मिक ज्ञान की धारणा से उन्हें ज्ञान की देवी जगदंबा सरस्वती कहा। सभी उन्हें मां जगदंबा या मम्मा

भी कहते थे। उनकी दृष्टि की पावनता, व्यवहार की निर्मलता, बोल की मधुरता तथा ईश्वरीय शक्तियों से परिपूर्ण जीवन किसी भी व्यक्ति को अपना अमिट प्रभाव छोड़ती और उसके जीवन को परिवर्तित कर देती थी। ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रारंभिक काल में विपरीत परिस्थितियों में भी वह अचल, अटल, सशक्त एवं ईश्वरीय ज्ञान या आध्यात्मिक प्रज्ञा की प्रतिमूर्ति बन कर रहीं। इस अवसर पर हिंदू राव अस्पताल के पूर्व विभागाध्यक्ष, वर्तमान निरोगम स्वास्थ्य केंद्र के निदेशक डॉ एमडी गुप्ता ने ब्रह्माकुमारीज के अपने लगभग 40 वर्षों के अनुभव को साझा किया। मातेश्वरी जगदंबा का सशक्त स्वरूप तथा साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा का त्याग, तपस्या और सेवा का जीवन हमारे जीवन में आध्यात्मिकता से एक खुशनुमा जीवन का आधार बन गया।

दिल्ली से ही पधारीं पूर्व अतिरिक्त निदेशिका डॉ मंजू गुप्ता ने आध्यात्मिकता से स्वयं के अद्भुत परिवर्तन से परिवार की श्रेष्ठ पालना का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि आज उनके दोनों बच्चे आध्यात्मिक जीवन शैली को अपनाते हुए अपने जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर रहकर समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर गाजियाबाद के भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने ब्रह्माकुमारी द्वारा, स्वयं में आध्यात्मिक सशक्तिकरण से हुए परिवर्तन का अनुभव तथा ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए उन्होंने स्वागत शब्द प्रस्तुत किए।

मोहन नगर तथा गुलमोहर गार्डन सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लवली ने कार्यक्रम का उद्देश्य तथा वर्तमान परिदृश्य में मातेश्वरी जगदंबा द्वारा दी शिक्षाओं की उपयोगिता बताई।

इस अवसर पर लोहिया नगर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विमला दीदी, गाजियाबाद के वर्तमान भाजपा पार्षद वीरेंद्र त्यागी, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, कुलदीप त्यागी, राजदीप त्यागी, पूर्व पार्षद कृष्णा त्यागी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बीके विनीत शर्मा, तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में बीके अनिल त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया तथा मंच का संचालन बी के रमेश पंत ने कुशलता से किया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी में सोमवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विकल कुलश्रेष्ठ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रभारी उत्तर प्रदेश पश्चिम प्रदीप भटनागर, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीयमीडिया प्रभारी साथ में दीपक सक्सेना को राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पवन सक्सेना एडवोकेट द्वारा नियुक्त किया गया। भगवान चित्रगुप्त की शपथ लेकर यह आश्वासन दिया कि हम संगठन हित में बढ़ चढ़कर पूरी लगन एवं निष्ठा से कार्य करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पवन सक्सेना जी ने बताया कि जब से वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं तब से अब तक वह 12 प्रदेशों एवं उत्तर प्रदेश के 52 जनपदों का दौरा कर चुके हैं और आज 53वें जनपद गाजियाबाद में मौजूद है।

उन्होंने बताया कि जो घटनाक्रम पिछले समय में दिल्ली प्रदेश में घटित हुआ है उसकी में घोर भर्तसना करते हुए कठोर शब्दों में निंदा करता हूं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष नाहयान से की मुलाकात

बोले- रणनीतिक संबंधों पर हुई गहन बातचीत

अबू धाबी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ भारत और यूएई के बढ़ते व्यापक रणनीतिक संबंधों पर उपयोगी और गहन बातचीत की। इसके अलावा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। इससे पहले जयशंकर रविवार को अबू धाबी में प्रतिष्ठित बीएपीएस हिंदू मंदिर गए। वहीं, 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी भाग लिया।

क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा

अपने समकक्ष से मिलने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से आज अबू धाबी में मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बढ़ते व्यापक रणनीतिक संबंधों पर उपयोगी और गहन बातचीत हुई। इसके अलावा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

बीएपीएस मंदिर भारत-यूएई के बीच एक सांस्कृतिक पुल: जयशंकर - भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर आबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर गए व मंदिर में विधि-विधान से पूजा पाठ किया।

उन्होंने कहा, 'मैं बीएपीएस हिंदू मंदिर आकर धन्य हो गया। यह मंदिर भारत-यूएई दोस्ती का एक स्पष्ट प्रतीक है। यह दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देता है। यह दोनों देशों के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक ब्रिज है।'

जयशंकर ने मंदिर में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम संगठन (बीएपीएस) के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की थी। बीएपीएस ने यूएई द्वारा दान की गई भूमि पर मंदिर बनवाया है। इसके अलावा, विदेश मंत्री ने भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का उद्घाटन किया और उसमें भाग लिया, जो लौर अबू धाबी संग्रहालय परिसर में आयोजित किया गया था।

पीएम मोदी ने इस साल की थी यूएई की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के

बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। दोनों देशों ने आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (उएढअ) पर हस्ताक्षर किए थे।

व्यापार समझौते में कई लाभ दिए गए हैं, जिनमें टैरिफ को खत्म करना और कम करना, खुले व्यापार के माहौल को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ाना शामिल है। यूएई 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत में शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। करीब 35 लाख संख्या के साथ भारतीय समुदाय यूएई में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

टेक्सास के स्टोर में डकैती, भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या

आठ महीने पहले ही आया था अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका में टेक्सास के एक स्टोर में डकैती के दौरान एक 32 वर्षीय भारतीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी की 21 जून को प्लेजेंट ग्रोव, डलास के गैस स्टेशन सुविधा स्टोर पर घटी। महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस घटना की पुष्टि की। मृतक की पहचान दसारी गोपीकृष्ण के तौर पर की गई है, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका आया था।

गोपीकृष्ण के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मंजूनाथ ने कहा, भारतीय नागरिक दसारी गोपीकृष्ण के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। प्लेजेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। हम उनके स्थानीय परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं।

वाणिज्य दूतावास, भारतीय संघों के साथ मिलकर शव परीक्षण और मृत्यु प्रमाणपत्र सहित स्थानीय औपचारिकताओं के बाद शव को भारत वापस लाने के लिए हर संभव मदद कर रहा है। डकैती के दौरान गोपीकृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोपीकृष्ण अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था। टेक्सास में हुए इस घटना ने डलास में रहने वाले हिंदू समुदाय को बहुत ज्यादा प्रभावित किया।

बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच गुरुवार को होगी राष्ट्रपति बहस

अहम मुद्दों में गर्भपात, सीमा सुरक्षा, गाजा युद्ध और गन कल्चर

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होना है। अमेरिकी चुनाव 2024 भी 2020 की तर्ज पर बाइडन बनाम ट्रंप लड़ा जाएगा, इसकी संभावना काफी अधिक है।

देश की जनता जो बाइडन को अपना कीमती वोट देकर लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति बनाएगी या फिर इस बार डोनाल्ड ट्रंप को चुनेगी, यह सब कई अहम मुद्दों पर निर्भर करेगा। इस बार के अहम मुद्दों में गर्भपात, सीमा सुरक्षा, गाजा युद्ध और गन कल्चर है। माना जा रहा है कि अमेरिका में पिछली बार हुए मध्यावधि चुनाव की तरह इस बार भी गर्भपात का मुद्दा छाया रहेगा। गुरुवार को बाइडन और ट्रंप के बीच होने वाली बहस में यह मुद्दा प्रमुखता से उठेगा। रिपब्लिकन पर मतदाताओं

को अलग-थलग नहीं करने का दबाव होगा। दरअसल, 24 जून 2022 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात के अधिकार को मिली संवैधानिक सुरक्षा खत्म कर दी थी। अदालत ने 49 साल पुराने रो वी वेड केस में दिए गए फैसले को पलट दिया था। वहीं, कुछ राज्यों ने उसी दिन से गर्भपता पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे क्लीनीकों को जल्दबाजी में बंद करने पर मजबूर होना पड़ा।

गर्भपात के अधिकार को गैरसंवैधानिक करार देने के बाद अमेरिकी महिलाएं रिपब्लिकन पार्टी से नाराज चल रही हैं। यही वजह है कि डेमोक्रेट इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रिपब्लिकन इससे बचने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले चुनाव में गर्भपात का मुद्दा टॉप-10 में भी नहीं था मगर इस बार ये सबसे पहले नंबर पर है।

रूस-उ. कोरिया के बीच रक्षा समझौते से बौखलाया चीन?

अमेरिका ने तीनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की जताई आशंका

वाशिंगटन। अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच रक्षा समझौतों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच इस समझौते से चीन के साथ टकराव होने की संभावना है। वायु सेना जनरल सीक्यू ब्राउन ने कहा कि उत्तर कोरिया के साथ रक्षा समझौते के बाद रूस और चीन के बीच तनाव बढ़ सकता है।

सीक्यू ब्राउन ने मीडिया से बात करते करते हुए कहा, हमें कोई मिल गया है, जो हस्तक्षेप कर रहा है। यह रूस और चीन के बीच तनाव बढ़ा सकता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि तीनों देश इससे कैसे निपटते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि बुधवार को समझौते पर हस्ताक्षर हुआ था। इस समझौते के बाद अब इन दो देशों पर बीजिंग का प्रभाव कम हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह चीन की वैश्विक, आर्थिक और रणनीतिक महत्वकांक्षाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस अब उत्तर कोरिया को हथियार प्रदान कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उत्तर कोरिया रूस से लड़ाकू विमान, सतह से हवा में वार रने वाली मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन सामग्री उत्तन तकनीक हासिल करने के लिए इच्छुक है।

सीक्यू ब्राउन ने कहा, यह एक व्यापक समझौता था जिसमें कोई बाधा नहीं है। यह समझौता आपको बताता है कि वे एक साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके साथ ही वे अपने बंधे नहीं रखना चाहते हैं। बुधवार को रूस और उत्तर कोरिया ने रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत प्रत्येक पक्ष को उनमें से किसी के खिलाफ आक्रमण की स्थिति में दूसरे को तत्काल सैन्य सहायता प्रदान करना होगा। आक्रमण के दौरान दोनों ही देश एक-दूसरी की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं।

'समझौता पश्चिम के लिए निवारक के रूप में साबित होगा'

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उत्तर कोरिया के साथ यह समझौता पश्चिम के लिए निवारक के रूप में साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि यूक्रेन में युद्ध के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। इस बीच अमेरिका और यूक्रेन ने दावा किया कि उत्तर कोरिया रूस को तोपखाने के गोले और बैलिस्टिक मिसाइलें उपलब्ध करा चुका है। हालांकि, रूस ने इन दावों को नकार दिया है।

चीनी उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय दौरे पर नेपाल पहुंचे

काठमांडू। चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग सोमवार को तीन दिन के आधिकारिक दौरे पर काठमांडू पहुंचे। इस दौरान वह नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

कल होगी नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की बैठक : नेपाल के विदेश मंत्रालय के पूर्वोत्तर एशिया प्रभाग के प्रमुख कृष्ण प्रस्दा ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चीनी उप मंत्री के आगमन पर उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में होगी।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, विदेश सचिव सेवा लम्साल परामर्श तंत्र की बैठक में नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। जब सुन विदोंग चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से भी मिलने का कार्यक्रम : काठमाडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। सुन विदोंग का राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से भी मिलने का कार्यक्रम है। वह 26 जून को काठमांडू से रवाना होंगे।

रूस के दागेस्तान-माखचकाला में आतंकी हमला

16 पुलिसकर्मियों समेत कई नागरिकों की मौत, छह हमलावर भी ढेर

दागेस्तान। रूस के दक्षिणी प्रांत-दागेस्तान में ईसाईयों और यहूदियों के धर्मस्थल (सिनेगॉग) पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी किए जाने की खबर है। गोलीबारी दागेस्तान के डर्बेंट शहर में हुई है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एपी के हवाले से बताया कि दागेस्तान के गवर्नर ने बताया कि बंदूकधारियों के हमलों में 16 से अधिक पुलिसकर्मियों और कई नागरिकों की हत्या कर दी गई है। वहीं, सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में छह आतंकियों को मार गिराया है। हमले में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

इन जगहों पर हुआ हमला : एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस के दागेस्तान में रविवार को आतंकियों ने दो चर्च, एक सिनेगॉग (यहूदी मंदिर) और एक पुलिस पोस्ट पर हमला किया। क्षेत्र में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शोक दिवस मनाया जाएगा। दागेस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने कैस्पियन सागर पर स्थित डर्बेंट शहर में एक सिनेगॉग और एक चर्च पर गोलीबारी की। इससे दोनों जगह आग लग गई। लगभग उसी समय, माखचकाला में एक चर्च और एक यातायात पुलिस चौकी पर हमले की खबरें सामने आईं।

इतने हमलावर मार गिराए : अधिकारियों ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया और पांच हमलावरों को मार गिराया। हालांकि, गवर्नर का कहना है कि छह बंदूकधारियों को मार गिराया है। फिलहाल, इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं हो सकी है।

सुरक्षाबलों ने हमलावरों को मार गिराया : हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरूआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। फायरिंग में चर्च के पादरी और पुलिसकर्मी समेत सात लोगों की मौत की खबर आई थी। अब मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 16 हो चुका है। वहीं, हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

एक को हिरासत में लिया : रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ळ२२ ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि दागेस्तानी के एक अधिकारी को हमलों में उनके बेटों की संलिप्तता को लेकर हिरासत में लिया गया है।

मेलिकोव ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति कानून प्रवर्तन और स्थानीय अधिकारियों के नियंत्रण में है। उन्होंने कसम खाई कि हमलों की जांच तब तक जारी रहेगी जब तक कि आतंकवादियों का पता नहीं चल जाता।

अब तक 1300 से अधिक हाजियों की मौत

83 फीसदी से अधिक अनाधिकृत थे, सऊदी सरकार ने दी जानकारी

रियाद। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक हज यात्रा के दौरान 1301 लोगों की मौत हुई है। इनमें कई मामले भीषण गर्मी के कारण तनाव से जुड़े हैं। मृतकों में अधिकांश की यात्रा अनधिकृत भी बताई जा रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक हर पांच में चार मौतें अनधिकृत तौर पर हज यात्रा पर आने वाले यात्री की हुई है। सऊदी सरकार ने एक बयान में कहा कि मौसम के कारण गंभीर रूप से बीमार हुए कई लोगों का अभी भी इलाज कराया जा रहा है। मरने वाले लोगों में 83 फीसदी 'हज करने के लिए अनधिकृत' थे।

मरने वाले लोगों की पहचान हो चुकी है

रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार ने 1300 से अधिक हाजियों की मौत पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा, भीषण गर्मी के बावजूद बिना किसी आराम और आश्रय के ये लोग लंबी दूरी तक पैदल यात्रा करते थे। मरने वाले लोगों में कई बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार यात्री भी शामिल हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक सभी मृतकों की शिनाख्त हो चुकी है। उनके परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

अनधिकृत तीर्थयात्रियों की संख्या के कारण समस्याएं बढ़ीं

इस साल हज यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने का कारण अत्यधिक गर्मी, लगातार सामान्य से ऊपर रहे तापमान को बताया जा रहा है।

सोमवार को मक्का में तापमान रिकॉर्ड 125 डिग्री फॉरेनहाइट तक पहुंच गया। सेल्सियस में यह तापमान 51 डिग्री से भी ऊपर दर्ज किया गया। विभिन्न अधिकारियों ने कहा है कि अनधिकृत तीर्थयात्रियों की संख्या के कारण समस्याएं बढ़ गई हैं।

मक्का में आने की क्या है परेशानी, 1.8 मिलियन लाइसेंस मिलते हैं : उल्लेखनीय है कि हज परमिट सऊदी सरकार की तरफ से कोटा प्रणाली के आधार पर अलग-अलग देशों को देती है।

सऊदी अरब में मक्का जाने वाले प्रत्येक तीर्थयात्री को कानूनी रूप से प्रवेश करने के लिए लाइसेंस हासिल करना जरूरी है। लगभग 1.8 मिलियन लाइसेंस उपलब्ध हैं। एक लाइसेंस की लागत कई हजार अमेरिकी डॉलर होती है। कई तीर्थयात्री अवैध रूप से मक्का तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। आमतौर पर एयर कंडीशनिंग, पानी और खाने-पीने की चीजों की कमी के कारण ऐसे यात्री टूर बसों में यात्रा नहीं करते।

कनाडा में भारतीय मिशन ने कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई

ओटावा। कनाडा की राजधानी ओटावा और टोरंटो शहर में भारतीय मिशन ने रविवार को 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई। इस घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दी श्रद्धांजलि : उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, ह्यहृदुनिया में किसी भी देश की सरकार को राजनीतिक लाभ के लिए अपने क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मानव जीवन राजनीतिक हितों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इससे पहले कि आतंकी गतिविधियां बड़े पैमाने पर मानवता को नुकसान पहुंचाना शुरू करें, आतंकके खिलाफ कानूनी व सामाजिक कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों और

अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने, उनके वित्तपोषण को रोकने और उनकी विकृत विचारधाराओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

इससे पहले, टोरंटो में स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ल पर पोस्ट करते हुए लिखा, ह्लमहावाणिज्य दूत सिद्धार्थ नाथ ने 39 साल पहले इसी दिन एआई 182 में हुए बम विस्फोट में जान गंवाने वाले 329 लोगों की याद में एअर इंडिया 182 स्मारक, हंबर पार्क, एटोबिकोक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वर्ष 1985 का कनिष्क बम विस्फोट इतिहास में आतंकवाद के सबसे बुरे कृत्यों में शुमार : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 1985 में ह्यकनिष्कह्ल विमान पर हुआ हमला इतिहास में आतंकवाद के सबसे बुरे कृत्यों में से एक है। बम विस्फोट की घटना के 39 साल पूरे होने पर उनकी यह टिप्पणी कनाडा की धरती से खालिस्तानी चरमपंथियों की बढ़ती गतिविधियों के कारण भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव के बीच आई।

पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के यहां भंडारे पर पहुंचे गणमान्य

गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने सोमवार को अपने पुराने कविनगर वाले आवास पर एक भंडारे का आयोजन किया। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर द्वारा आयोजित इस भंडारे में राजनीति, समाज सेवा और पत्रकारिता से जुड़े प्रमुख और गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने भंडारा वितरित किया और प्रसाद भी ग्रहण किया।

जिला मुख्यालय में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म की बैठक सम्पन्न

संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर लगाएं प्रतिबंध: शुभम पटेल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में डीसीपी मुख्यालय शुभम पटेल की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनसीओआरडी०) की बैठक आहूत की गई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, आरटीओ, उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग, राजकीय रेलवे, पुलिस विभाग, राज्य कर विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग, औषधि विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, प्रोबेशन विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी, प्रभारी, प्रतिनिधियों स२ नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता पर चर्चा गयी।

बैठक में डीसीपी मुख्यालय शुभम पटेल ने निर्देश दिये कि जनपद में नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान बड़े स्तर पर चलाया जाये। ड्रग के विरोध में मार्च, दौड़,रैलियां निकाली जाएं। एसएमएस, बैनर्स, पोस्टर्स, होर्डिगों के माध्यम से द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाये। डीसीपी मुख्यालय ने नशा विरोधी जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जागरूकता पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये। स्कूल कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदिप्रतियोगिता आयोजित की जाएं। एलईडी डिस्पले के माध्यम से नशामुक्ति हेतु सूक्ष्म वीडियो,ऑडियो क्लिप्स के माध्यम से गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशामुक्ति से सम्बन्धित होर्डिगस/बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने को कहा गया।बैठक में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों,प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सपा ने गढ़ मंडला की वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर की पुष्पांजलि अर्पित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी का बलिदान दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया! इस अवसर पर जिला व महानगर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि 15 जून 1564 ई० को महारानी ने अकबर की सेना से लड़ते हुए प्राणों की आहुति दी। गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी थीं, वर्तमान में जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में जिला व महानगर अध्यक्ष के अलावा नितिन त्यागी जिला महासचिव ,राजन कश्यप महानगर महासचिव, मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, सत्येंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद अब्बास हैदर महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, राज देवी चौधरी, कमलेश चौधरी प्रदेश सचिव महिला सभा, ठाकुर विक्की सिंह, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग,नानक चंद प्रजापति जिला सचिव, अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, संजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, आशु अब्बासी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, उपेंद्र यादव पूर्व पार्षद प्रत्याशी, गुड्डू यादव, महेश यादव जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा, विकास यादव जिला कोषाध्यक्ष छात्र सभा, खालिद बुखारी, कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव, गुल मोहम्मद मंसूरी, सतीश सोनी, महेश कुमार मनवीर सिंह, रमेश चंद तोमर सत्येंद्र शर्मा, शाहनवाज खान, रिजवान चौधरी, राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ, राहुल रावत आदि मौजूद रहे।

सत्यार्थ प्रकाश मानव जाति के लिए महर्षि दयानन्द की अमूल्य देन : रविन्द्र त्यागी

मोदीनगर,करंट क्राइम। आर्य समाज निवाड़ी के 17 वें वार्षिकोत्सव में विद्वानों ने समाज में चल रही कुरीतियों जैसे अंधविश्वास ,आडंबर ,बाल विवाह, जातिवाद छुआछूत, भेद-भाव आदि पर अपने विचारों से समाज को जागृत करने के साथ -साथ आर्य समाज की विचारधारा से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष नगर पंचायत निवाड़ी अनिल त्यागी एवं अध्यक्ष साधन सहकारी निवाड़ी प्रवीण त्यागी ने ध्वजारोहण कर किया। प्रथम दिवस हापुड़ से आयी कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आचार्या सुलभा शास्त्री ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र त्यागी ने आर्य समाज को राष्ट्र का प्रहरी बताया। तृतीय दिवस कार्यक्रम के समापन में रविन्द्र त्यागी अध्यक्ष- वेटनर क्रिकेट एशोसिएन ऑफ यू. पी. एवं सी. एम. डी. कृष्णा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। रविंद्र त्यागी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने ही सर्वप्रथम स्वतंत्रता का पाठ पढाया। रविंद्र त्यागी ने कहा कि जो व्यक्ति वेद शास्त्र नहीं पढ़ सकता उसके लिए महर्षि ने सत्यार्थ प्रकाश दिया।

समापन सभा की अध्यक्षता अनिल त्यागी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत निवाड़ी ने की। मंच संचालन आर्य कृष्ण शास्त्री ने किया। अंत में डॉ. ज्ञानोदय आर्य, संरक्षक आर्य समाज निवाड़ी ने कार्यक्रम में आए विद्वानों का, अतिथियों का, सभी श्रोताओं का धन्यवाद व्यक्त किया। सुनील शास्त्री, विष्णुदत्त शास्त्री, गोपाल शास्त्री, तेजपाल आर्य, सत्यवीर चौधरी- मंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा गाज़ियाबाद, नरेंद्र पांचाल मंत्री केंद्रीय सभाआदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर सुबोध आर्य, चेतन आर्य, संजय आर्य, अधिवक्ता जितेंद्र त्यागी, रजनीश त्यागी, महेन्द्र सिंह त्यागी, कमल प्रकाश त्यागी, आर्य समाज निवाड़ी के सभी कार्यकर्ता एवं जनपद की विभिन्न आर्य समाजो के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्यापारी नेता ने जताई नगर निगम की कार्यशैली पर आपत्ति

गाजियाबाद, करंट क्राइम। युवा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष राजू छावड़ा ने नगर निगम की कार्यशैली पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि एक तरफ तो व्यापारियों को सरकार की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है, सरकार बनाने में सबसे बड़ा योगदान व्यापारियों का होता है लेकिन हम सब व्यापारी भाई को इतना पीड़ित किया जा रहा है।

राजू छावड़ा ने कहा है कि 4 जून जब से सरकार बनी है तब से नगर निगम की टीम द्वारा व्यापारियों को लगातार परेशान किया जा रहा है, कहीं अतिक्रमण को लेकर बुलडोजर चलाया जा रहा ह कहीं टैक्स वसूली को लेकर तंग क्या जाता है। अभी 2 दिन पहले ही बड़ी सब्जी मंडी में व्यापारियों में और नगर निगम के अधिकारियों में काफी कहासुनी हुई और मौके का फायदा उठाकर किसी ने नगर निगम की टीम पर पथराव कर दिया। नगर निगम की टीम द्वारा आम नागरिक पर लाठीचार्ज किया गया गया जिसमें कई लोगों के गंभीर चोटें आई। मामला थाने तक चला गया और मुकदमा तक हो गया। अब यह टीम घंटाघर तुराबनगर बाजार में आती है और बुलडोजर चलाती है।

आखिर व्यापारियों ने ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया कि इस तरह की कार्रवाई व्यापारियों पर की जा रही है। भाजपा सरकार को हमेशा व्यापारियों की सरकार कहा जाता है हम व्यापारी भी अतिक्रमण के खिलाफ हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि बुलडोजर से कार्रवाई की जाए। और जो व्यापारी रोज कमाता है रोज खाता है उसकी रोजी-रोटी को खत्म कर दिया जाए, पॉलिथीन चालान के नाम पर अवैध उगाई की जा रही है।

एक वीडियो भी बाजार में वायरल हो रही है जिसमें अधिकारी मोलभाव करते हैं और चालान काटने के लिए दुकानदार को धमकाते हैं और दुकानदार कहता है कि मैं 5000 का चेक देता हूं तो उसे कहते हैं नहीं हमें केश चाहिए। राजू छावड़ा ने नगर विकास मंत्री,सासद अतुल गर्ग, महापौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को पत्र भेजकर व्यापारियों का शोषण रोकने की मांग की है।

कचरा उत्सर्जित करने वाले संस्थान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का रखें ध्यान : नगर आयुक्त

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले मैरिज होम, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन व अन्य संस्थानों द्वारा महीने में 15 दिन या संपूर्ण माह में या प्रतिदिन 100 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्सर्जित किया जाता है तो ऐसे संस्थान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत ठोस कचरा उत्पादन की श्रेणी में आते हैं। ऐसे संस्थान अपने गीले कचरे का निस्तारण स्वयं करेंगे एवंअपने परिसर में ही उचित तरीके से करेंगे।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को बल्क वेस्ट जनरेटर पर निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के स्पष्ट निर्देश हैं। 1 जुलाई से बल्क वेस्ट जनरेटर जिनके द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का पालन नहीं किया जा रहा है उनके विरुद्ध अभियान के रूप में कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए लगातार जनजागरूकता अभियान भी गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चलाया जा रहा है। जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां खुद शहर को कचरामुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है वहीं ऐसे संस्थान जो कि बल्क वेस्ट जनरेटर की कैटेगरी में आते हैं, उन पर भी कड़ी निगाह रख रहा है। नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की सभी टीम को आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, मैरिज गार्डन होटल रेस्टोरेंट सामुदायिक भवन व अन्य संस्थान को ठोस अवशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर जुर्माना वसूलने तथा अन्य दंडात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

- क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है उतर गया है क्रांतिकारी युवा त्यागी का राजनीति वाला फीवर? जब से आई है उनके कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी, तब से ढीले पड़ गये हैं उनके तेवर? हमें तो यहां पर मामला लगता है पूरे गौरव से चौपड़ा का जोरदार? उनके साथ भी कभी ऐसी ही परिस्थितियां बनीं थीं, लेकिन उन्होंने कभी डाले नहीं हथियार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही एक समय अग्रवाल जी को बधाई देने वाला होर्डिंग सोच समझकर तेवतिया जी ने लगाया हो, गर्ग साहब के घर के बाहर? ऐसा करने के पीछे कोई न कोई तर्क दिल जलाने का मकसद होगा यार? बावजूद इसके गर्ग साहब के दिल में है तेवतिया जी को लेकर स्पेस? वो चाहते हैं कि जाट चेहरे के तौर पर शहर विधानसभा में जाना चाहिए उनका संदेश? गर्ग साहब की फीलिंग तेवतिया जी को लेकर हैं सॉफ्ट? पता चला है, लोकसभा चुनाव में तेवतिया जी ने लोनी में तर्क किया था हार्ड?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गेम फिनिशर की खामोशी को आप हल्के में मत लो साहब? वो कर रहे हैं इस वक्त दावेदारी के लोक में एक लाइन पर काम? अगर उनका तुरप का इक्का ठीक बैठ गया तो उड़ा देंगे वो सभी के हवा में ख्वाब? सुना है द यूनियन के एक बड़े चेहरे को कर लिया है उन्होंने सॉफ्ट? अगर मामला ठीक बैठ गया तो कुछ नहीं कर पाएंगे पहलवान और उनके दोस्त?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि लोनी वाले सौम्य मावी के भतीजे का भी है उनकी तरह सौम्य किरदार? हमें पता चली है इंदर की बात, जहां नहीं डालना चाहिए, वहां वो डाल रहे हैं हथियार? सुना है जिले के एक बड़े चेहरे बहुत ही ज्यादा कर रहे हैं इनका यूज? जिस वजह से सौम्य युवा चेहरे के परिवार के लोग भी हैं नाराज? उन्हें बिल्कुल भी नहीं भा रहा युवा मावी का राजनीति करने का अंदाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त ठाकुर बिरादरी में शहर विधानसभा से विधायक बनने के अरमान ज्यादा फैले हैं? सुना है भाटी जी हों या चौहान? ये सब राजनीति में गुरू जी के चेले हैं? गुरू जी ने ही दिखाया है इन्हें शहर विधानसभा का रास्ता? इस रास्ते पर ठाकुर दावेदारी की आवाज से गुरू जी भी बनाना चाह रहे हैं माहौल? बहुत सोच समझकर अपने प्रिय चेलों को आगे करके गुरू जी तैयार कर रहे हैं अपना रोल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा पार्षद ने लगा दी उस वाली धरा के बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष के खिलाफ ही फील्डिंग? भाजपा पार्षद ने कर दी बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष की निर्माण वाली शिकायत? बिल्डर अध्यक्ष के प्लॉट पर चल रहा है कंस्ट्रक्शन का काम? सुना है आवास विकास परिषद में पार्षद ने लिखकर लैटर पूछ लिया नियम वाला मैटर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाले पुरम में नहीं खत्म हो रहा है फूल वालों का ट्यूनिंग ऐरर? एक मंडल में दो मंडल वाला दिखाई दे रहा है सीन? अगर मौजूदा वाले मंडल अध्यक्ष बुलाते हैं कोई बैठक? तो पुराने वाले कर देते हैं इस बैठक को अनसीन? मंडल वालों की जब खुली जुबान तो पता चला यहां तो आपस में तने हुए हैं पहले से ही तीर और कमान? जब से हुई है नई वाली ताजपोशी? तब से ना उनके अध्यक्ष इनके कार्यक्रम में आये? और ना इन्होंने अपने कार्यक्रम में वो बुलाये? पुरम वाले नेता ने ही कहा कोई तो आगे आये? और मंडल में चल रही इस भगवा साइलेंट वॉर को समाप्त कराये?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि चिंतन बैठक को लेकर नदिया पार वाले दिव्यांग नेता ने ही कह दी खुलकर मन की बात? वो पूछ रहे हैं बार-बार हार का कारण? वो पूछ रहे हैं तो हम बता रहे हैं उन्हें खुलकर? हार का सबसे बड़ा कारण है पुलिस? सरकार वालों को देखते ही होता है दुर्व्यवहार? मन की बात रखते हुए कह दिया दिव्यांग नेता ने कि हमारा मन है इस बात से बहुत ही दुखी? एक बार कार्यकर्ताओं की भी ले लो राय और मत ढूंढो हार के कारण दाएं और बाएं?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का एक पार्षद बहा रहा है इन दिनों वार्ड के पार्क में जाकर पसीना? उनके पसीने को लेकर ना रहे किसी को कोई डाउट? इसलिए बता रहा हूं कि मैम्बर साहब कर रहे हैं पार्क में जाकर सिम्पली वर्क आउट? वो दो इंटरलॉकिंग टाईल्स रखकर कर रहे हैं पुश-अप? अगर वार्ड में वो भी लगवा लें ओपन जिम तो उनके साथ जनता भी कर लेगी वर्क आउट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों मच रहा है इस पार से लेकर उस पार तक इसी बात का शोर? उपचुनाव वाले सीन में नहीं होना चाहिए शहर विधानसभा के अलावा कोई और? क्या उठ गई है अभी से ये बात? कि नहीं बिछने देंगे नदिया पार वालों की कोई बिसात? क्या कह दिया कहने वाले ने कि टिकट तो आकर रहेगा लाइन के इस पार? चाहे हमें खोलना पड़े मोर्चा इस बार आर या पार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

दैनिक करंट क्राइम
पोस्ट ऑफ द डे
SOCIAL MEDIA

गाजियाबाद करंट क्राइम। आरएसएस द्वारा आयोजित हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राकेश त्यागी के पौत्र अथर्व ने सम्राट शिवाजी महाराज और उनकी पुत्रवधू हिमांशी ने माता जीजाबाई की भूमिका निभाई। इस पल को राकेश त्यागी ने फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी पोस्ट ऑफ द डे।